हरिभूमि
# रायपुर भूमि



### बैठक व्यवस्था पार्किंग जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसे डॉक्टर


# किराए के भवन में मेडिकल काउंसिल दफ्तर, दुखी चिकित्सकों ने लगाई गुहार-हम खड़े होकर काम कर रहे, मदद करें!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

बैठने की उचित व्यवस्था नहीं होने को लेकर चिकित्सकों का दुख अंततः सामने आ गया। छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल का दफ्तर कंकाली चौक में पुराना नगर निगम अस्पताल वाली नगर निगम की बिल्डिंग के बगल वाले भवन (डॉक्टर शर्मा बिल्डिंग) में संचालित हो रहा है। यहां चिकित्सकों को अपर्याप्त संसाधनों एवं अनुपयुक्त भवन व्यवस्था के मध्य कार्य करना पड़ रहा है।

**कंकाली चौक के पुराने नगर निगम अस्पताल में संचालित हो रहा है कार्यालय**



चिकित्सकों ने उचित स्थान पर स्थानांतरण एवं व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए आवेदन लिखा है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को लिखे अपने खत में चिकित्सकों ने कहा, छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल पूरे प्रदेश के समस्त पंजीकृत चिकित्सकों चाहे वे एमबीबीएस, पीजी, विशेषज्ञ अथवा सुपर स्पेशलिस्ट हो के पंजीयन, नवीनीकरण, एनओसी, डुप्लीकेट प्रमाणपत्र एवं अन्य महत्वपूर्ण ▶▶शेष पेज 13 पर

### पार्किंग के लिए ढूंढनी पड़ती है जगह

*चिकित्सकों ने अपनी समस्याएं गिनाते हुए कहा, कार्यालय भवन अत्यंत अनुपयुक्त एवं सीमित है। वर्तमान भवन किराए का होने के कारण न तो पर्याप्त स्थान उपलब्ध है और न ही व्यवस्थित काउंटर, प्रतीक्षालय अथवा अभिलेख कक्ष की समुचित व्यवस्था है। इससे चिकित्सकों को घंटों असुविधा में खड़े रहना पड़ता है। कार्यालय परिसर में वाहन पार्किंग की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण दूर-दराज से आने वाले चिकित्सकों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। विशेषकर वरिष्ठ चिकित्सक एवं महिला चिकित्सक के लिए यह स्थिति अत्यंत कष्टप्रद है।*

### सुरक्षित नहीं हैं दस्तावेज

कार्यालय में प्रमाणपत्रों एवं दस्तावेजों के सुरक्षित रखरखाव के लिए किसी तरह की व्यवस्था नहीं है। यह कार्यालय पूरे प्रदेश के चिकित्सकों के मूलभूत एवं अति-महत्वपूर्ण अभिलेखों, प्रमाणपत्रों, रजिस्ट्रेशन दस्तावेजों से संबंधित है, किन्तु वहां रिकॉर्ड रूम, डिजिटल प्रबंधन, सुरक्षित दस्तावेज भंडारण जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं हैं। यह स्थिति भविष्य में अभिलेखीय त्रुटियों एवं दस्तावेजी नुकसान का कारण बन सकती है। पूरे प्रदेश के चिकित्सकों के कार्यों का भार मात्र 2-3 कर्मचारियों पर है। इतने सीमित मानव संसाधन के कारण न केवल कार्य प्रभावित हो रहा है, बल्कि आम चिकित्सकों को बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

## खबर संक्षेप

### रायपुर सहित चार जिलों के एसपी का प्रभार बदला

**रायपुर।** पुलिस विभाग में एक साथ चार जिलों के एसपी के प्रभाव बदला गया है। एसपी के प्रभार बदले जाने का कारण राज्य पुलिस सेवा से पिछले वर्ष आईपीएस प्रमोट होने वाले पुलिस अफसरों को ट्रेनिंग पर हैदराबाद भेजा जा रहा, इस कारण से रायपुर, गरियाबंद सहित अन्य दो जिलों के एसपी के प्रभार बदला गया है। रायपुर ग्रामीण एसपी का प्रभार श्वेता सिन्हा की जगह मनीषा ठाकुर रावटे को दिया गया है। इसी तरह से गरियाबंद एसपी वेदव्रत सिरमौर की जगह नीरज चंद्राकर, जांजगीर-चांपा के एसपी विजय पाण्डेय की जगह विमल बैस तथा कोंडागांव एसपी पंकज चंद्रा की जगह त्रिलोक बंसल को एसपी का प्रभार दिया गया है। अफसरों की ट्रेनिंग 6 अप्रैल से 15 मई तक होगी।

### ओडिशा के सात गांजा तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज थाना क्षेत्र में पुलिस, क्राइम ब्रांच तथा एंटी नारकोटिक्स की टीम ने ओडिशा के सात गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 22.5 किलो गांजा जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो महिलाएं तथा एक नाबालिग शामिल हैं। आरोपी ट्रेन रूट से गांजा को ओडिशा से मध्यप्रदेश ले जाने की फिराक में थे। गिरफ्तार सभी आरोपी ओडिशा कंधमाल के रहने वाले हैं। गांजा तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने शांतनु मलिक, रोमियो मलिक, जुलियत मलिक, राहुल मलिक, रश्मिता दीगल, दीपा दीगल तथा एक अन्य नाबालिग को पकड़ा गया है।

### पत्नी-बेटी की हत्या का आरोपी जेल दाखिल

**रायपुर।** विधानसभा थाना क्षेत्र में पत्नी तथा बेटी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने वाला बर्खास्त सिपाही को पुलिस ने गुरुवार को कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है। बुधवार तड़के 7 बजे पत्नी तथा बेटी की हत्या करने के बाद गुलाब राम साहू ने थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया था। पूछताछ में आरोपी ने पत्नी की चरित्र संदेह पर उसकी तथा अपनी सौतेली बेटी की हत्या करने का अपराध कबूल किया है।

### सोशल मीडिया पर कट्टे के साथ फोटो, गिरफ्तार

**रायपुर।** आजाद चौक पुलिस ने सोशल मीडिया पर कट्टे के साथ वीडियो पोस्ट करने वाले बदमाश को 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। कुलेश्वर उर्फ सोनू साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी कट्टा भी जब्त किया है। इस मामले में हथियार उपलब्ध कराने वाले एक अन्य बदमाश शिखर द्विवेदी को भी पुलिस ने धर-दबोचा है।

### बैंगल्स शॉप में चोरी धरे गए दो आरोपी

**रायपुर।** गोलबाजार पुलिस ने बंजारी रोड स्थित बैंगल्स शॉप में मंगलवार-बुधवार दरमियानी रात शटर का ताला तोड़कर कैश काउंटर में रखे साढ़े तीन लाख रुपए चोरी करने के आरोप में एक नाबालिग सहित दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मनीष कुमार जैन की शिकायत पर पुलिस ने गुढ़ियारी निवासी विजय सिक्का तथा उसके एक अन्य नाबालिग साथी को गिरफ्तार किया है।

### कट रही जेब...जब जब कैमरे की जद में आएंगे दोपहिया चालक, चालान कटता रहेगा

# आउटर के बाद चुपके से शहर के भीतर भी हेलमेट अनिवार्य, थोक में चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

शहर के भीतर बाइक सवारों के लिए हेलमेट की अनिवार्यता पर हमेशा विवाद के हालात रहे हैं और हर बार पुलिस प्रशासन को बैकफुट पर आना पड़ा, लेकिन इस बार अघोषित तौर पर इसे अनिवार्य कर दिया गया है। थोक में कट रहे चालान बता रहे हैं कि शहर के भीतर भी पुलिस सख्ती बरत रही है।

गौरतलब है, पुलिस कमिश्नरेट लागू होने के पूर्व शहर के अंदरूनी क्षेत्र में बगैर हेलमेट के दोपहिया चलाने पर दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई नहीं होती थी, लेकिन अब शहरी क्षेत्र में भी बाइकर्स का चालान काटा जा रहा है। अफसरों का कहना है, हादसा रोकने सख्ती की जा रही है।

पुलिस तथा न्यायिक विभाग की समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार रायपुर जिले में हर सप्ताह सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौतें हो रही हैं। मरने वालों में 75 प्रतिशत दोपहिया वाहन के चालक होते हैं। बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के लोग दोपहिया में काम के सिलसिले में तथा अन्य कार्य के लिए रायपुर आते हैं, इसलिए शहरी क्षेत्र में ऐसे दोपहिया वाहन चालक जो बगैर हेलमेट के दोपहिया चलाते हैं, उनका अनिवार्य रूप से ई-चालान काटने का आदेश है।

### एक्सीडेंट पर लगा अंकुश

राजधानी में जनवरी के अंतिम सप्ताह में 23 जनवरी से पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू की गई है। पुलिस कमिश्नरेट लागू होने के बाद ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र की पुलिसिंग व्यवस्था के साथ ग्रामीण थाना क्षेत्र में ट्रैफिक कंट्रोल करने अलग से ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था की गई है। जनवरी, फरवरी में जहां 219 तथा 199 सड़क दुर्घटना में क्रमशः 80 तथा 61 लोगों की मौत हुई थी। मार्च में 157 सड़क दुर्घटना में 50 लोगों की जानें गई हैं। सख्ती के चलते सड़क दुर्घटना में 29 प्रतिशत की कमी आने के साथ मृत्यु दर में 37.5 प्रतिशत की कमी आई है।



### हेलमेट पर सख्ती जारी रहेगी

ट्रैफिक नियमों का लोग अनिवार्य रूप से पालन करें तथा लोग दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें, इसके लिए सख्ती जारी रहेगी। टार्गेट पूरा करने कार्रवाई का आरोप गलत है। रोड एक्सीडेंट में कमी लाने ट्रैफिक उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती की जा रही है। इसका असर दिखने लगा है। सख्ती की वजह से रोड एक्सीडेंट में कमी आई है और एक्सीडेंट में मृत्युदर कम हुआ है।

- पुलिस कमिश्नर, डॉ. संजीव शुक्ला

### जितनी दफा कैमरे की जद में आएंगे, उनका चालान कटेगा

पुलिस कमिश्नर ने साफ तौर पर कहा है कि जो बगैर हेलमेट के जितनी दफा कैमरे के कैद में आएगा, उनका अनिवार्य रूप से ई-चालान कटेगा। पुलिस कमिश्नर ने सभी दोपहिया वाहन चालकों को चालानी कार्रवाई से बचने अनिवार्य रूप से हेलमेट पहन कर दोपहिया चलाने की अपील की है। इसके साथ ही ड्रंक एंड ड्राइव पर लगातार कार्रवाई जारी रखने की बात कही।

### चौराहों पर अनाउंस कर समझाइश दे रहे

*दोपहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से हेलमेट पहन कर दोपहिया चलाएं, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर लाउड स्पीकर से लोगों को ट्रैफिक नियमों का हलावा देकर हेलमेट पहन कर दोपहिया चलाने समझाइश दे रही है। इसके साथ ही लोगों को परेशानी से बचने ट्रैफिक नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने प्रेरित कर रही है।*

### लोग टार्गेट पूरा करने का लगा रहे आरोप

*हेलमेट तथा अन्य ट्रैफिक उल्लंघन को लेकर काटे जा रहे ई-चालान को लेकर लोग ट्रैफिक पुलिस पर टार्गेट पूरा करने हेलमेट सहित अन्य कार्रवाई करने का आरोप लगा रहे हैं। इस संबंध में पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला तथा ट्रैफिक डीसीपी विकास कुमार से संपर्क करने पर दोनों अफसरों ने साफ तौर पर कहा कि उनका लक्ष्य रोड एक्सीडेंट पर अंकुश लगाने के साथ लोगों की जान-माल की कैसी सुरक्षा की जाए, इस पर फोकस है। दोनों अफसरों ने टार्गेट पूरा करने जैसी बात का खंडन किया है।*

## शराब घोटाले की पेशी में पहुंचे 59 आरोपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य के बहुचर्चित शराब घोटाले में गुरुवार को विशेष न्यायालय में नियमित सुनवाई हुई। सुनवाई में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के साथ चैतन्य बघेल भी उपस्थित हुए। ईडी ने शराब घोटाला को लेकर दिसंबर में 29 हजार 800 पन्नों का अंतिम चालान पेश किया था। अंतिम चालान पेश किए जाने तक ईडी ने शराब घोटाला में 23 आरोपियों के अलावा 59 नए आरोपियों के नाम चार्जशीट में शामिल किए थे। जिन नए लोगों को आरोपी बनाया गया है, उनमें 30 नाम शराब निर्माता कंपनी के साथ शराब आपूर्तिकर्ता, होटल कारोबारी के साथ शराब परिवहन करने वाले तथा हवाला कारोबारियों के शामिल थे। शेष 29 आबकारी विभाग के फील्ड स्तर के अधिकारी थे। कोर्ट में पेश हुए 59 आरोपी जिनकी पूर्व में गिरफ्तारी नहीं हुई थी, उन सभी को कोर्ट ने समंस जारी कर कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश जारी किया था। कोर्ट के उसी आदेश के अनुसार सभी आरोपी कोर्ट में पेश हुए। आरोपियों के धारा 88 के तहत बयान दर्ज करने के बाद कोर्ट ने उन सभी 59 आरोपियों को मुचलके पर रिहा कर दिया। कवासी लखमा तथा चैतन्य बघेल ने नियमित पेशी में शामिल होने कोर्ट में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी के अनुसार अंतिम चार्जशीट पेश करने के समय इन 59 आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई थी। इस कारण सीआरपीसी की धारा 88 के तहत सभी 59 आरोपी कोर्ट में पेश हुए।

- कोर्ट में आरोपियों के धारा 88 के तहत बयान दर्ज किए गए

## 12 कोच की मेमू ट्रेन खड़ी करने के लिए आठ स्टेशनों के प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ेगी

- रायपुर मंडल के छोटे रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए रेलवे प्रशासन ने बनाई नई योजना
- मंडल के बालोद, दल्लीराजहरा, भानुप्रतापपुर और गुदुम में दूसरा प्लेटफार्म बनाने की योजना हुई स्वीकृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आजादी के इतने बरस बाद अब रेलवे प्रशासन रायपुर मंडल के छोटे रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा को बेहतर करने जा रहा है। मंडल के आधा दर्जन से अधिक स्टेशन ऐसे हैं, जिनका निर्माण देश की आजादी के बाद हुआ है। इसके बाद से रेलवे ने मेमू ट्रेनों के परिचालन के लिए लाइन को अपग्रेड कर दिया था, लेकिन यात्रियों की सुविधा पुरानी ही थी। अब इन स्टेशनों पर यात्रियों को अच्छी सुविधा देने के लिए योजना बनाई गई है, जिसमें प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ाने के साथ नए प्लेटफार्म का निर्माण भी शामिल है, जिससे ▶▶शेष पेज 13 पर

### स्टेशनों के लिए आएंगे फर्नीचर

*कुसुमकसा स्टेशन पर 12 कोच वाली डेमू ट्रेन को समायोजित करने के लिए प्लेटफार्म का विस्तार किया जाएगा, जिससे यात्री सुविधाओं में सुधार होगा। स्टेशनों के लिए फर्नीचर और 3 मीटर चौड़े एफओबी के साथ द्वितीय यात्री प्लेटफार्म का प्रावधान है, जिसका निर्माण लगभग 8 करोड़ रुपए की लागत से किया जाना है।*

### बढ़ गई है यात्रियों की संख्या

*जिन स्टेशनों को बेहतर करने की रेलवे ने योजना बनाई है, वहां ट्रेन का परिचालन 50 से 70 वर्षों से हो रहा है। पहले यहां छोटी लाइन थी, जिसे बाद में ब्रॉड गेज लाइन में बदला गया। अब इन स्टेशनों पर यात्रियों की संख्या बढ़ती जा रही है। सुविधाएं बढ़ने के बाद रेलवे यहां ट्रेन का परिचालन बढ़ाएगा। अधिक ट्रेनों के संचालन से क्षमता बढ़ेगी, जिससे समयबद्धता में सुधार होगा।*

### यात्रियों की सुविधाएं बढ़ेंगी

रायपुर रेल मंडल में यात्रियों की सुविधा के लिए दुर्ग-दल्लीराजहरा सेक्शन के 08 स्टेशनों के प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ाई जा रही है। इसके अलावा यात्री ट्रेनों की परिचालन क्षमता और सुविधा बढ़ाने हेतु बालोद, दल्लीराजहरा, भानुप्रतापपुर और गुदुम स्टेशनों पर दूसरा प्लेटफार्म बनाने की योजना भी स्वीकृत हो चुकी है।

- अवधेश त्रिवेदी, सीनियर डीसीएम, रायपुर रेल मंडल

## पश्चिमी विक्षोभ ने गिराया पारा...



**रायपुर।** मार्च अंत में गर्मी की तपिश झेलने के बाद अप्रैल में पश्चिमी विक्षोभ ने लोगों को राहत दी है। 40 डिग्री पार कर चुका रायपुर का तापमान 37 डिग्री पर आ गया है। यह सामान्य से 1.5 डिग्री कम है। हालांकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.4 डिग्री अधिक 25.9 डिग्री दर्ज किया गया। सर्वाधिक तापमान 39.5 डिग्री राजनांदगांव में दर्ज किया गया। सबसे कम न्यूनतम तापमान दुर्ग में 20.4 डिग्री दर्ज हुआ। अगले पांच दिनों तक तापमान में वृद्धि की संभावना नहीं है। लोगों को अधिक गर्मी का सामना अप्रैल के प्रथम सप्ताह में नहीं करना पड़ेगा। पेंड्रा में एक सेमी बारिश भी दर्ज की गई। राजधानी में भी हल्के बादल छाए रहे। इस कारण भी धूप की चुभन से लोगों को राहत मिली।

### पूर्वी ईरान और अफगानिस्तान तक

*मौसम विभाग के अनुसार, एक पश्चिमी विक्षोभ चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में पूर्वी ईरान और उससे लगे अफगानिस्तान के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका पूर्वी झारखंड से दक्षिण छत्तीसगढ़ तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इनके अतिरिक्त एक नए पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर पश्चिम भारत को 7 अप्रैल से प्रभावित करने की संभावना है।*

## अब मोबाइल पर आएगी जांच रिपोर्ट जिला अस्पतालों में 134 तरह के टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारत सरकार के उपक्रम एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड के साथ एमओयू कर राज्य में अटल आरोग्य लैब के रूप मे संचालित करने का निर्णय लिया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के अनुसार, स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती देने तथा आमजन को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण जांच सुविधा ▶▶शेष पेज 13 पर

- एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड के साथ एमओयू, 1051 स्वास्थ्य संस्थानों में मिलेंगी आधुनिक जांच सुविधाएं



### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी जांच सुविधा

नई व्यवस्था के तहत जिला अस्पतालों में 134, सिविल अस्पतालों में 111, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 97 और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 64 प्रकार की जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी। पैथोलॉजी से लेकर मॉलिक्यूलर जांच तक की सेवाएं अब एक ही सिस्टम के अंतर्गत मिलेंगी। आधुनिक तकनीक से लैस इन लैब्स में ▶▶शेष पेज 13 पर

### 27 से छठवीं में तीसरी भाषा अनिवार्य, पढ़ाई जाएंगी दो भारतीय भाषा

### शैक्षणिक सत्र 2026-27 से नवमी और दसवीं कक्षा पर होगा लागू

# कोचिंग पर निर्भरता कम करने स्कूलों में ही जेईई-नीट की तैयारी कराने बदला जाएगा सिलेबस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने डमी स्कूलों के बढ़ते ट्रेंड पर लगाम लगाने और कोचिंग पर निर्भर होने के बजाय स्कूल शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से शैक्षणिक सत्र 2026-27 से 9वीं और 10वीं कक्षा के लिए बड़े पाठ्यक्रम सुधार लागू करने का फैसला किया है। नए ढांचे में तीसरी भाषा अनिवार्य करने, गणित और विज्ञान में एडवांस स्तर के विकल्प देने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व कम्प्यूटेशनल थिंकिंग को औपचारिक मूल्यांकन में शामिल करने जैसे कदम उठाए गए हैं, जिससे छात्र स्कूल में ही प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं जैसे जेईई, नीट की तैयारी कर सकें और अलग से कोचिंग की जरूरत कम हो। यह पूरा बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)- 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एनसीएफ) 2023 के विजन पर आधारित है, जिसमें



रटने की बजाय समझ, स्किल और एप्लीकेशन आधारित शिक्षा पर जोर दिया गया है। इसका पहला बड़ा असर वर्ष 2028 के बोर्ड परीक्षा पैटर्न में दिखाई देगा। नई व्यवस्था में तीन-भाषा फॉर्मूला सबसे अहम बदलाव के रूप में सामने आया है। सत्र 2026-27 से छठवीं में तीसरी भाषा अनिवार्य होगी और इसे सत्र 2030-31 तक चरणबद्ध तरीके से 10वीं ▶▶शेष पेज 13 पर

### बैगलेस डे लागू करने के निर्देश

पढ़ाई को केवल विषयों तक सीमित न रखते हुए इंटरडिसिप्लिनरी (अंतःविषय) अप्रोच को भी शामिल किया गया है। नौवीं में कौशल विषय के तौर पर समाज में व्यक्ति और 10वीं में पर्यावरण शिक्षा जैसे नए विषय जोड़े जाएंगे। इसके साथ ही व्यवसायिक शिक्षा, स्थानीय कौशल और कार्य आधारित शिक्षा को भी पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया गया है। स्कूलों को बैगलेस डे और हल्के टाइमटेबल लागू करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पढ़ाई का दबाव कम हो और सीखने का अनुभव बेहतर बने। ▶▶शेष पेज 13 पर

### 25 अंकों की अतिरिक्त परीक्षा होगी

गणित और विज्ञान की पढ़ाई को भी पूरी तरह नया रूप दिया गया है। नौवीं से इन विषयों में स्टैंडर्ड और एडवांस दो स्तर होंगे। सभी विद्यार्थियों के लिए सामान्य पेपर होगा, जबकि एडवांस चुनने वालों को 25 अंकों की अतिरिक्त परीक्षा देनी होगी, जिसमें हाई-आर्डर थिंकिंग (उच्च-स्तरीय चिंतन कौशल) और एनालिटिकल (विश्लेषणात्मक) सवाल होंगे। इन अंकों को कुल प्रतिशत में नहीं जोड़ा जाएगा, बल्कि मार्कशीट में अलग से योग्यता के तौर पर दर्शाया जाएगा। वर्ष 2028 से विद्यार्थी दो ▶▶शेष पेज 13 पर

# कुँवरगढ़ महोत्सव में अबूझमाड़ के जांबाजों ने मलखंभ पर किया हैरतअंगेज प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

धरसींवा के नगर पंचायत कुंरा में आयोजित भव्य 'कुँवरगढ़ महोत्सव' का दूसरा दिन इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से दर्ज हो गया। 1 अप्रैल 2026 की यह शाम आस्था, अदम्य साहस और लोक संस्कृति के एक ऐसे त्रिवेणी संगम की साक्षी बनी, जिसने क्षेत्र की जनता को मंत्रमुग्ध कर दिया। महोत्सव के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री श्री टंकराम वर्मा एवं श्री गुरु खुशवंत साहेब रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक श्री अनुज शर्मा ने की। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न आयोगों और बोर्डों के वरिष्ठ पदाधिकारी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शाम 5 बजे से शुरू हुए इस समारोह ने रात के 02 बजे तक हजारों की भीड़ को अपनी जगह से हिलने नहीं दिया।

## मलखंभ पर यह प्रदर्शन कठिन तपस्या का परिणाम : मंत्री टंकराम



### बच्चों के कौशल असाधारण : मंत्री वर्मा

समारोह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने इन बच्चों के कौशल को असाधारण बताया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हमने मंच पर जो देखा, वह केवल शारीरिक प्रदर्शन नहीं बल्कि एक कठिन 'तपस्या' है। बस्तर और अबूझमाड़ के ये बच्चे अपनी मेहनत के बल पर आज वैश्विक स्तर पर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार इन पारंपरिक खेलों और प्रतिभाओं को संवारने के लिए हर संभव मंच और सहायता प्रदान करने हेतु संकल्पित है। वहीं, कैबिनेट मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब ने कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मलखंभ हमारी प्राचीन शारीरिक और मानसिक शक्ति का प्रतीक है। ग्रामीण अंचलों में छिपा यह अद्भुत कौशल यह संदेश देता है कि यदि सही अवसर मिले तो छत्तीसगढ़ की माटी के लाल दुनिया जीत सकते हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक श्री अनुज शर्मा ने भावुक होते हुए कहा कि एक कलाकार के रूप में वह इस कठिन साधना की गहराई को समझते हैं। उन्होंने कहा कि कुँवरगढ़ महोत्सव का मूल उद्देश्य ही अपनी लुप्त होती लोक कलाओं और पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करना है। श्री शर्मा ने विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में इस महोत्सव को और भी भव्य रूप दिया जाएगा ताकि वनांचल की प्रतिभाओं को अपनी पहचान बनाने का एक सशक्त माध्यम मिल सके।



**अबूझमाड़ के जांबाजों का हैरतअंगेज मलखंभ प्रदर्शन-** बुधवार की शाम का सबसे रोमांचक और रोंगटे खड़े कर देने वाला क्षण वह था, जब नारायणपुर के अबूझमाड़ की विश्व प्रसिद्ध मलखंभ टीम मंच पर उतरी। जैसे ही इन नन्हे और युवा जांबाजों ने लकड़ी और लोहे की पाइप के ऊंचे खंभे के सामने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, पंडाल में मौजूद 20 हजार से अधिक दर्शकों के बीच सन्नाटा पसर गया। इन कलाकारों ने जब गुरुत्वाकर्षण को चुनौती देते हुए खंभे पर दौड़ना और शून्य में कठिन योग मुद्राएं बनाना शुरू किया, तो मुख्य अतिथियों सहित हर व्यक्ति की सांसें थम गईं। बिना किसी सुरक्षा जाल या आधुनिक उपकरणों के, इन आदिवासी युवाओं ने अपने शरीर को रबर की तरह मोड़कर ऐसे खतरनाक स्टंट दिखाए कि पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा।

## खबर संक्षेप

### नशामुक्त समाज के लिए जनजागरण पदयात्रा 11 को

**अभनपुर।** मानव कल्याण संगठन द्वारा समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से 11 अप्रैल शनिवार को सुबह 11 बजे "नशामुक्त बिलासपुर जनजागरण पदयात्रा" का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में पूर्व प्रत्याशी कमलेश साहू ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि नशा आज समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। विशेषकर युवा वर्ग इसकी चपेट में आकर अपने भविष्य को खतरे में डाल रहा है। ऐसे में समाज के हर वर्ग को आगे आकर नशामुक्ति के इस अभियान को सफल बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता लाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी से ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों, युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों से बड़ी संख्या में शामिल होने का आग्रह किया।

### टेकारी में आज से होगी भागवत कथा

**आरंग।** निकटस्थ ग्राम टेकारी (कुंडा) में 3 अप्रैल से भागवत महापुराण कथा प्रारंभ होने जा रही है, जिसका समापन 11 अप्रैल को पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगा।



माधव कुंज में आयोजित इस भागवत कथा के भगवताचार्य पंडित संतोष तिवारी व परायणकर्ता पंडित कमलनारायण तिवारी होंगे। कथा का समय अपराह्न 1 बजे से सायंकाल 5 बजे तक निर्धारित किया गया।

### नवा रायपुर में महिलाओं के लिए योग शिविर 5 अप्रैल को

**अभनपुर।** महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'सुख शांति समाधान संस्था', रायपुर द्वारा 5 अप्रैल रविवार को नवा रायपुर के सेक्टर-29 स्थित योगा रोड गार्डन में एक दिवसीय निःशुल्क योग कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर शाम 5 बजे से 7 बजे तक आयोजित होगा। कार्यशाला में प्रसिद्ध योग गुरु सचिन नीलकंठ माथुरकर के मार्गदर्शन में महिलाओं को योग एवं प्राणायाम के माध्यम से शारीरिक व मानसिक समस्याओं से राहत पाने के प्रभावी उपाय बताए जाएंगे। विशेष रूप से ऑस्टियोपोरोसिस, अर्थराइटिस, एनीमिया, PCOS/PCOD, मेनोपॉज, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, कमर-पीठ दर्द, घुटनों की समस्या और बढ़ते वजन जैसी परेशानियों पर केंद्रित सत्र आयोजित होंगे। इस दौरान योग प्रशिक्षिका मीरा शर्मा भी उपस्थित रहकर प्रतिभागियों को नियमित योगाभ्यास, संतुलित दिनचर्या और प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने के बारे में विस्तृत जानकारी देंगी। शिविर का उद्देश्य "स्वस्थ महिला – स्वस्थ परिवार – स्वस्थ समाज" के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। संस्था के पदाधिकारियों ने नवा रायपुर4 एवं आसपास की अधिक से अधिक महिलाओं से इस निःशुल्क शिविर में शामिल होकर लाभ उठाने की अपील की है।

### मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की बैठक आज

**तरपोंगी।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज धरसींवा राज का सामाजिक प्रकरण बैठक 3 अप्रैल दिन शुक्रवार को स्व बेनीराम हनुमंता भवन धरसींवा में सुबह 10 बजे से रखा गया है। बैठक की अध्यक्षता राज प्रधान नीलमणी परगनिहा करेंगे।

## जन्मोत्सव : हनुमानजी की आराधना की और भंडारे में हजारों ने पाया प्रसाद

# हनुमान जन्मोत्सव पर भगवा पताकाओं से सजाए वंदनवार एवं किया हवन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

हनुमान जयंती गुरुवार को बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई । शहर की सड़कों पर भगवा पताकाएं लहराती रही, मंदिरों में सुबह जन्मोत्सव आरती के साथ भक्तों की जो भीड़ लगी वह देर रात तक बनी रही .इस मौके पर शोभा यात्रा निकाली गई।

शहर में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर धूम मची रही ।तिल्दा नेवरा संकट मोचन हनुमान मंदिर में सुबह हनुमान जी का दुग्धाभिषेक कर विशेष आरती की गई। पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। दोपहर को मंदिरों में भंडारे का आयोजन हुआ,इसके आलावा श्रधालुओ ने अलग अलग जगहों पर भंडारे किए । शाम को सभी मंदिर लाइट से जगमगते रहे ।मंदिर में दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं भीड़ आनी शुरू हो गई थी मंदिर में हनुमान चालीसा और रामायण का पाठ भी हुआ. शाम को महा आरती हुई जिसमें भक्तों की भारी भीड़ रही ।आरती के पश्चात सवामनी प्रसाद का भोग लगाकर भक्तों को वितरण किया गया। पंडित महेश शर्मा ने बताया कि सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ लगी रही।

**टैक्सी स्टैंड हनुमान मंदिर** में भक्तों का सुबह से ही ताता लगा रहा, ।सुबह भगवान हनुमान जी का अभिषेक कर नए वस्त्र धारण कराए गए। विशेष पूजा अर्चना कर आरती की गई ,आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए ।पश्चात दिन भर हनुमान चालीसा का पाठ और भजन कीर्तन होते रहे। 12 महाआरती की गई पश्चात भोजन भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की.. सुबह से जो भक्तों की भीड़ लगी वह देर रात तक बनी रही।

**रेलवे साइकिल स्टैंड हनुमान मंदिरमें** सुबह भगवान हनुमान जी का दुग्धा अभिषेक कर हनमान भगवान सृंगार किया गया । दोपहर 12 बजे हनुमान जी की महा आरती कर प्रसाद का भोग लगाया गया ।इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे ।दोपहर 1 बजे भंडारा शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा । रात की आरती में भी सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

राधा कृष्ण मंदिर बनियापारा में **अंजनी पुत्र हनुमान जी** का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया ।इस मौके पर हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया गया था। सुबह भगवान जी की विशेष आरती हुई दोपहर महा आरती की गई उसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ देर रात तक चलता रहा। भैरवगढ़ स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया गया सुबह आरती के बाद हनुमान चालीसा का पाठ गूंजामामन होता रहा।

सरोरा रोड परसदा के **मिलेनियम हाईटेक में हनुमान जी का जन्मोत्सव** पूर्ण श्रद्धा भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मन्य गया। इस मौके पर भगवान हनुमान जी का दुग्धअभिषेक कर विशेष श्रृंगार किया गया। पश्चात सवा मणि प्रसाद का भोग लगाकर प्रसाद भक्तों को वितरण किया गया .। दोपहर को आम भंडारे का आयोजन किया गया। नेवरा अरुण रायखेदा के निवास पर हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। दोपहर भगवान जी की महाआरती हुई, पश्चात प्रसादी आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। इसके अलावा सा साहोली, तुलसी,हनुमान मंदिर में श्याम राइस मिल के पंचमुखी हनुमान भगवान के मंदिर में भी हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हनुमान जयंती के उपलक्ष में बजरंग दल के द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई। कई जगह लोगो ने खीर का प्रसाद बाटा, कई जगह राह चलते लोगो को रोकर शरबत पिलाया गया ।





### श्री हनुमान जन्मोत्सव पर पूजा- अर्चना की निकाली शोभायात्रा



आरंग। जनपद पंचायत आरंग अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व इस वर्ष पूरे श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। गांव-गांव में भक्तिभाव का माहौल रहा, जहां मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, यज्ञ, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण के आयोजन हुए। ग्राम भानसोज और लखौली में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकालते हुए मूर्ति स्थापना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और जय श्रीराम व हनुमान जी के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। वहीं ग्राम कुकरा में विशेष रूप से 5 कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने गांव की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली के लिए आहुतियां अर्पित कीं। यज्ञ के पश्चात भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। क्षेत्र के रीवा, गुजरा, धमनी, पलौद, कोटनी, गोढ़ी, परसदा, उमरिया, जरौद, सिवनी, पिपरहट्टा, खमरिया, डिघारी, कुंडा, टेकारी, खौली, करहीडीह, मालिडीह, बरछा, छतौना, फरफौद, सन्डी और नारा सहित अनेक गांवों में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों को सजाया गया और दिनभर भजन-कीर्तन व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा। सभी गांवों में धार्मिक कार्यक्रमों के पश्चात देर शाम तक प्रसाद वितरण का दौर चलता रहा। श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। हनुमान जन्मोत्सव के इस पर्व ने ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश भी दिया। पूरे आरंग क्षेत्र में दिनभर भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा।



### श्री हनुमान जन्मोत्सव पर किया सुंदरकांड पाठ

आरंग। गुरुवार को राजा मोरध्वज आध्यात्मिक धार्मिक मानस संगठन, आरंग के द्वारा श्री हनुमान जन्म के उपलक्ष्य में सुंदरकांड, हनुमान चालीसा, आरती एवं हवन-पूजन बड़े उत्साहपूर्वक भाव-विभोर होकर भक्तजनों के साथ मनाया गया। सभी भक्तजनों ने भगवान से हाथ जोड़कर प्रार्थना की कि सभी जनों का कल्याण हो। इस अवसर पर शामिल भक्तजन— मानस लोधी, हीरालाल साहू, अवध विश्वकर्मा, अशोक साहू, संतोष लाला लोधी, धनऊ धुरंधर, ओंकार विश्वकर्मा, भूषण विश्वकर्मा, तोषिता लोधी, चांदनी निर्मलकर, वैजयंती विश्वकर्मा, ममता साहू, जया साहू, विद्या साहू, जागृति साहनी, जागृति साहू एवं मोहल्ले के संतजन शामिल हुए।

## जनभागीदारी शिक्षिका ने कराया न्योता भोज



**आरंग।** संकुल सेमरिया (समोदा) के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सेमरिया (परसदा) में गुरुवार को पूर्व अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, वर्तमान पालक एवं जनभागीदारी शिक्षिका लक्ष्मणी साहू ने अपने जन्मदिन के अवसर पर स्कूल में न्योता भोज कराया। उनके द्वारा खीर, भजिया, अंगूर, जलेबी जैसे पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन वितरित किया गया, जिसे पाकर स्कूली बच्चे बहुत उत्साहित एवं खुश नजर आए। इस अवसर पर संकुल सेमरिया के संकुल समन्वयक विश्राम प्रसाद बंजारे, सेमरिया के पंच दानेश्वर सिन्हा, विद्यालय के शिक्षक सोहन लाल देवांगन, रितु सोनी, लक्ष्मणी साहू, ग्रामीणों में गायत्री सिन्हा, सोहद्रा सिन्हा, रामकुंवर सिन्हा एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

## रामनवमी पर निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

तामासिवनी में आयोजित दो दिवसीय श्री राम नवमी महोत्सव का भव्य समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ। इस गरिमामयी आयोजन में जहाँ प्रथम दिन भक्ति और शक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला, वहीं दूसरे दिन सांस्कृतिक संध्या ने जनमानस को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रथम दिनः जयकारों से गूंजा गाँव, शिवाजी चौक से निकली भव्य शोभायात्रा। महोत्सव के पहले दिन शिवाजी चौक से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। भगवान श्री राम के जयकारों और गाजे-बाजे के साथ शुरू हुई यह यात्रा पूरे गाँव के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु



केसरिया ध्वज थामे शामिल हुए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। द्वितीय दिनः अनुराग शर्मा की सुरम्य शाम और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति। कार्यक्रम के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शाम का मुख्य आकर्षण प्रदेश के सुप्रसिद्ध कलाकार अनुराग शर्मा की प्रस्तुति रही। उनके लोकप्रिय गीतों और कर्णप्रिय संगीत पर उपस्थित जनसमूह झूमने को मजबूर हो गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इंद्रकुमार साहू जी और जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू, एवं पूर्व विधायक धनेंद्र साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रभु श्री राम की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। अतिथि उद्बोधन में विधायक इंद्रकुमार साहू ने ग्रामीणों को राम नवमी की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति और एकता को मजबूत करते हैं। यशवंत साहू जी ने सफल आयोजन के लिए समिति की सराहना की।

## बैहार के मानस सम्मेलन में 16 मंडलियों ने भगवान श्रीराम की महिमा सुनाई

प्रतिभागी मंडलियों के साथ वरिष्ठ नागरिकों एवं महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

नवयुवक धार्मिक सत्संग समिति एवं बैहार के तत्वावधान में राज्य स्तरीय त्रि-दिवसीय संगीतमय श्री राम चरित्र मानस गान व्याख्यान सम्मेलन का आयोजन राम जन्म उत्सव के पावन पर्व पर किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ अंचल की ख्याति प्राप्त रामायण मंडलियों में स्वांत सुखाय मानस मंडली सीधौरी, श्री राम जानकी बालिका मानस मंडली तादुंला, सोन चिरैया मानस मंडली लभांडी, जय करुणा माई मानस मंडली उमरगांव, जय भारत मानस मंडली दरगहन, जय भोले मानस मंडली रिसदा, राज मानस मंडली आमदी, सरगम महिला मानस मंडली भैंसमुड़ी, मोर मायारू मानस मंडली गुदगुदा, किशन कन्हैया मानस मंडली गोटीटोला, आदि शक्ति मानस मंडली बकतरा, हे शारदे बालिका मानस मंडली रणजीतपुर, पावन धारा मानस मंडली छूहिया, चेतना बालिका मानस मंडली



नवागांव, विश्व कल्याण मानस मंडली कंहारपुरी कुल 16 रामायण मानस मंडलियों ने बैहार के भव्य सुसज्जित मानस मंच पर अपनी प्रस्तुति दी।

गायन, वादन एवं व्याख्यान और भावपूर्ण प्रस्तुतियों से रामकथा का सुंदर चित्रण एवं वर्णन किया गया, जिससे श्रोताओं के मन में भक्ति, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। वहीं धार्मिक सत्संग समिति बैहार द्वारा ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों मंथीर साहू, जयसिंह साहू, फूल सिंह साहू, भोलाराम साहू, नोहर सिंह साहू, माखन साहू, शिवपाल साहू, पुनीत साहू, बिसेसर साहू, तुलसीराम साहू, विशाल दास मानिकपुरी, विश्वनाथ यादव तथा महिलाओं में पूर्व सरपंच निर्मला साहू, चपेश्वरी साहू, बीसमत साहू, गिरिजा साहू, कुंती साहू, कुसुम साहू को उत्कृष्ट कार्य के लिए मंच पर श्रीराम नाम गमछा एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही मंचस्थ सभी मानस मंडलियों को स्वर्गीय धन्नूलाल सोनी की स्मृति में श्री ज्वेल्स के संचालक राजू सोनी द्वारा श्रीराम दरबार का सिल्वर मोमेंटो, शिव जयसिंह साहू द्वारा राम गमछा, मनमोहन गुप्ता द्वारा राम टोकरी, रामकुमार गुप्ता द्वारा सफेद गमछा तथा धार्मिक सत्संग समिति द्वारा नगद 2250 रुपये एवं उपस्थित ग्रामीणों द्वारा नगद राशि मंचस्थ सभी आमंत्रित ख्याति प्राप्त 16 रामायण मंडलियों को सप्रेम भेंट की गई।

## हनुमान जयंती पर चपरीद स्कूल में हुआ न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

भक्ति और सेवा की अनूठी मिसाल पेश करते हुए आरंग विकासखंड के ग्राम चपरीद में हनुमान जयंती का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला चपरीद में बच्चों के लिए भव्य 'न्योता भोज' का आयोजन किया गया, जिसने स्कूली बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। शाला विकास समिति के अध्यक्ष दूज राम साहू एवं ग्राम के उपसरपंच ललित साहू के विशेष सौजन्य से इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। हनुमान जयंती के शुभ दिन पर बच्चों को पोषण और स्नेह देने के उद्देश्य से दोनों जनप्रतिनिधियों ने स्वयं आगे बढ़कर इस भोज की कमान संभाली। न्योता भोज में बच्चों के लिए विशेष व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी। थाली में न केवल पोषण, बल्कि स्वाद का भी पूरा ध्यान रखा गया तथा खीर, पूड़ी, लड्डू, गुलाबजामुन और स्वादिष्ट पुलाव परोसा गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख मृणाल मूर्ति मंगल पांडे, शिक्षकगण अभिषेक वारे, रसोइया शकुन साहू, केकटी साहू, सुषमा साहू एवं पालकों की सहभागिता रही।

# बस्तर संभाग से तेलंगाना एवं अन्य प्रांतों में प्रवासित परिवारों के लिए पुनर्वास के लिए बनेगी कार्ययोजना

## बस्तर से हजारों लोग छोड़ चुके हैं इलाका , अपर मुख्य सचिव गृह की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय अंतर्विभागीय समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर संभाग के ऐसे विस्थापित परिवार जो किन्हीं कारणों से बस्तर संभाग के सीमावर्ती तेलंगाना एवं आन्ध्रप्रदेश में प्रवासित हैं, इनकी संख्या हजारों में है। ऐसे परिवारों के पुनर्वास की कार्ययोजना बनायी जा रही है। मंत्रालय महानदी भवन में गुरुवार को अपर मुख्य सचिव गृह मनोज कुमार पिंगुआ की अध्यक्षता में पुनर्वास के लिए गठित राज्य स्तरीय अंतर्विभागीय समिति की प्रथम बैठक हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ से विस्थापित परिवारों के पुनर्वास के संबंध में कार्ययोजना तैयार करने विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। बैठक में बताया गया कि जिला दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर के लोग तेलंगाना एवं आन्ध्रप्रदेश राज्य में प्रवासित हो गए है। इसके लिए प्रवासित परिवारों की ओर से राष्ट्रीय जनजातीय आयोग में याचिका दायर किया गया है। इसके तहत आयोग द्वारा एक माह के भीतर सर्वे कर प्रवासित परिवारों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके परिपालन में बस्तर संभाग के संभागायुक्त द्वारा एक समयबद्ध कार्यक्रम के तहत कलेक्टर दंतेवाड़ा, सुकमा एवं जिला बीजापुर को प्रवासित परिवारों के सर्वे किया जाकर 15 दिन के भीतर प्रतिवेदन प्रेषित करने के निर्देश दिए गए।






### हजारों लोग छोड़ चुके हैं इलाका

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि सर्वे अनुसार जिला दंतेवाड़ा से तेलंगाना प्रदेश के 60 ग्राम में 618 परिवार के 2654 व्यक्ति एवं जिला सुकमा से तेलंगाना प्रदेश के 293 ग्राम में 2733 परिवार के 12026 व्यक्ति तथा जिला बीजापुर से तेलंगाना प्रदेश के 114 ग्राम में 994 परिवार के 5029 व्यक्ति प्रवासित है। इस तरह छत्तीसगढ़ राज्य के उक्त तीनो जिला से तेलंगाना राज्य के 467 ग्राम में 4345 परिवार के 19709 व्यक्ति प्रवासित है। इसी तरह जिला दंतेवाड़ा से आंध्रप्रदेश के 25 ग्राम में 125 परिवार के 568 व्यक्ति एवं जिला सुकमा से आंध्रप्रदेश के 155 ग्राम में 2462 परिवार के 10787 व्यक्ति तथा जिला बीजापुर से आंध्रप्रदेश के 04 ग्राम में 07 परिवार के 34 व्यक्ति प्रवासित है। इस तरह से छत्तीसगढ़ राज्य के उक्त तीनो जिला से आंध्रप्रदेश राज्य के 184 ग्राम में 2594 परिवार के 11389 व्यक्ति प्रवासित है। इस प्रकार छत्तीसगढ़ राज्य के जिला दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर के 667 ग्राम से तेलंगाना एवं आंध्रप्रदेश राज्य के 651 ग्राम में 6939 परिवार के 31098 व्यक्ति प्रवासित है। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री पिंगुआ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बस्तर संभाग डोमन सिंह एवं पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज से चर्चा कर अन्य प्रांतों में प्रवासित परिवारों के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए एक बार और सीमावर्ती राज्यों के अधिकारियों से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर लें।

### पिंगुआ ने दिए ये निर्देश

अपर मुख्य सचिव गृह श्री पिंगुआ ने कलेक्टर दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा से कहा है कि वे अपने-अपने जिलों से अन्य प्रांतों में प्रवासित लोगों के बारे में उनके मूल ग्राम एवं निवास स्थान से आवश्यक जानकारी तैयार कर लें। जिससे पुनर्वास योजना बनाने आसानी होगी। इसी तरह से पुनर्वास योजना बनाने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देशित दिए गए है कि वे शीघ्र ही अपने-अपने विभागों के नोडल अधिकारी नियुक्त कर दें, जिससे शीघ्र पुनर्वास योजना बनाने में आसानी होगी।

### कांफ्रेंस में शामिल हुए ये अधिकारी

वीडियो कॉन्फ्रेंस में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की प्रमुख सचिव शहला निगार, गृह विभाग की सचिव नेहा चम्पावत, आईजी बस्तर सुन्दरराज, कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह सहित कलेक्टर दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा शामिल हुए। इसी तरह से बैठक में सामान्य प्रशासन, वित्त विभाग, राजस्व, स्कूल शिक्षा, कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, वाणिज्य एवं उद्योग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

---

## खबर संक्षेप



### एआईसीसी अल्पसंख्यक एडवाइजरी कमेटी के सदस्य बने अमीन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन को एआईसीसी माइनॉरिटी एडवाइजरी कमेटी का सदस्य बनाया गया है। पूरे देश में 60 लोगों की यह कमेटी बनी है, जिसमें कांग्रेस के सांसद, विधायक, मंत्री, पूर्व मंत्री, राज्यसभा सदस्यों को मौका मिला है। छत्तीसगढ़ से एकमात्र नेता अमीन मेमन को इस कमेटी का सदस्य बनाया गया है। यह राष्ट्रीय स्तर की कमेटी है, अल्पसंख्यकों से जुड़े मुद्दों पर अपनी बातें पार्टी फोरम पर सीधे राहुल गांधी के समक्ष रखेंगे। राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, केसी वेणुगोपाल और इमरान प्रतापगढ़ी का दिल से आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय कमेटी में सदस्य चुने जाने पर उन्हें राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, मलकीत सिंह गैंदू प्रभारी महामंत्री छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी, सुबोध हरितवाल महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी, कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि घोष ने बधाई दी।

### राज्यसभा में पेश टेट बिल के समर्थन में शिक्षक संघ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने राज्यसभा में शिक्षक पात्रता परीक्षा के संबंध में शिक्षकों के सेवा सुरक्षा को लेकर प्रस्तुत बिल का स्वागत किया है। प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, शिक्षा का अधिकार नियम के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता, साथ ही पूर्व नियम से नियुक्त शिक्षकों की सेवा समाप्त नहीं किया जा सकता है। शिक्षकों की भर्ती उस समय प्रचलित नियमो के अनुसार की गई है। यह बिल शिक्षकों की भावना के अनुसार है। लंबी शिक्षकीय सेवा से शिक्षक दक्ष हो जाते हैं। विधेयक के पक्ष में केंद्रीय शिक्षा मंत्री व सांसद भी हैं, विरोध में कोई नहीं है, अतः इससे अब शिक्षकों की चिंता दूर हो गई है।

### एम्स और सत्य साईं करेंगे संसाधनों का आदान-प्रदान



**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्वेद विज्ञान संस्थान ने श्री सत्य साई स्वास्थ्य एवं शिक्षा ट्रस्ट के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके अंतर्गत शिक्षकों, डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और तकनीकी टीमों का आदान-प्रदान किया जाएगा। एम्स, भारतीय नर्सिंग परिषद के नियमों के अनुसार श्री सत्य साई संजीवनी नर्सिंग और संबद्ध स्वास्थ्य देखभाल विज्ञान संस्थानों को नैदानिक प्रशिक्षण और नैदानिक सुविधाएं प्रदान करेगा, विशेष रूप से बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग और श्री सत्य साई स्वास्थ्य एवं शिक्षा ट्रस्ट द्वारा स्थापित अन्य नर्सिंग कार्यक्रमों के लिए। समझौता ज्ञापन पर एम्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल और श्री सत्य साई स्वास्थ्य एवं शिक्षा ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री सी श्रीनिवास ने हस्ताक्षर किए।

---

## एक तिहाई नए जिला अध्यक्ष अभी तक अपनी टीम नहीं बना पाए

# आपसी सहमति न बन पाने के कारण रायपुर सहित कई जिलों की कांग्रेस कार्यकारिणी अटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत जिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति के तीन माह बाद भी राजधानी रायपुर सहित कुछ अन्य जिलों की कार्यकारिणी अब तक तैयार नहीं हो पाई है। एआईसीसी ने जिला, ब्लॉक, बूथ, मंडल स्तर पर कार्यकारिणी बनाकर संगठन को मजबूत बनाने 31 मार्च तक सांगठनिक ढांचा पूरी तरह तैयार करने कहा था। बताया गया है कि जिला स्तर पर दो दर्जन से अधिक जिलों ने अपनी कार्यकारिणी का गठन कर लिया है। वहीं कुछ अन्य जिलों में ब्लॉक, बूथ और मंडल स्तर पर बैठक कर सक्रिय लोगों के नाम लिए जा रहे हैं, जिन्हें कार्यकारिणी में रखा जाएगा।

छत्तीसगढ़ में भी संगठन सृजन के माध्यम से जिला अध्यक्षों का चयन किया जा चुका है। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षों का चयन भी किया जा चुका है। मंडल अध्यक्षों का भी चयन हो चुका है। जिला एवं ब्लाक स्तर की कार्यकारिणी बनाने का काम प्रगति पर है। जिलों में उपाध्यक्ष, महामंत्री और कार्यकारिणी सदस्यों की सूची जारी करने नाम लिए जा रहे हैं। संगठन के निचले पायदान पर भी गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वार्डों, ग्रामों एवं बूथ कमेटियों का भी पुनरीक्षण का काम चल रहा है। 31 मार्च की समय सीमा निकलने के बाद स्थानीय कार्यकर्ताओं में नाराजगी है कि अब तक राजधानी रायपुर के शहर और ग्रामीण की कार्यकारिणी गठन की कवायद चल रही है। माना जा रहा है कि इसी माह में कार्यकारिणी जारी कर दी जाएगी। वैसे पीसीसी अध्यक्ष का दावा है कि उन्होंने कई जिलों का दौरा कर संगठन को मजबूती दिया जा रहा है।




### आपसी सहमति न बनने से अटकी सूची

अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद भी कार्यकारिणी न बनने से पार्टी में नाराजगी है, क्योंकि नए जिला अध्यक्ष अभी तक अपनी टीम नहीं बना पाए हैं। नियुक्त जिलाध्यक्षों का प्रशिक्षण कार्यक्रम अभी तक नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि कार्यकारणी में पद पाने के लिए गुटबाजी और आपसी सहमति न बन पाने के कारण इसमें देरी हो रही है। 41 संगठन जिलों में से लगभग 75 प्रतिशत जिलों की कार्यकारिणी बन गई है, पीसीसी को भेजा जा चुका है। शेष जिलों की कार्यकारिणी जल्द भेजने जिला अध्यक्षों पर पीसीसी का दबाव है।

### सक्रिय कार्यकर्ताओं को मिलेगा पद

बताया जाता है कि रायपुर, बिलासपुर जैसे बड़े शहरों की कार्यकारिणी अब तक नहीं आने के पीछे सक्रिय लोगों को आगे लाने की तैयारी है। यहां पर पार्टी के प्रदर्शन और अन्य गतिविधियां देखने को मिलती है। यहां पर ऐसे युवाओं को आगे लाया जा रहा है जो सक्रियता के साथ इसमें भाग लेते हैं। वहीं यहां पर कई बड़े नेता भी हैं जो अपने समर्थकों को कार्यकारिणी में स्थान दिलाने में लगे हैं। यही कारण है कि यहां पर कार्यकारिणी का गठन नहीं किया जा सका है। वैसे कांग्रेस के बूथ और मंडल प्रभारियों से नाम मंगा लिए गए हैं, जिन्हें शामिल करने से पहले बड़े नेताओं से चर्चा की जा रही है।

---

## कांग्रेस का आरोप

# मोदी सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन से महंगाई बेलगाम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा केंद्र की मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं लगातार बढ़ती महंगाई के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन और कूटनीतिक विफलता के कारण देश में महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि महंगाई पर जल्द नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाले समय में व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस भवन में संवाददाताओं से चर्चा में शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, मोदी सरकार ने एक बार फिर कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 195 रुपये की बढ़ोतरी कर दी है, जबकि पिछले तीन महीनों में ही 525 रुपये की वृद्धि हो चुकी है। वहीं घरेलू गैस सिलेंडर में भी हाल ही में 62 रुपये की बढ़ोतरी कर आम जनता पर अतिरिक्त बोझ डाला गया है। उन्होंने ने आरोप लगाया कि पेट्रोल डीजल पर एक्साइज घटाने का दिखावा कर सरकार ने वाहवाही लूटी, लेकिन हकीकत यह है कि पेट्रोल के दामों में फिर बढ़ोतरी शुरू हो गई है।

### मोदी राज में खाद्य तेल 200 रुपए के पार

पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा, जो खाद्य तेल 70 साल में 70 रुपये प्रति लीटर तक पहुंचा था, वह मोदी राज में 200 रुपये के पार पहुंच गया। घरेलू गैस सिलेंडर जो भाजपा को 400 रुपये में महंगा लगता था, आज 900-1000 रुपये तक पहुंच गया है। कुलदीप जुनेजा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकारों को आम जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। सारी राहत और रियायतें केवल पूंजीपति मित्रों को दी जा रही हैं, जबकि देश के संसाधनों और सार्वजनिक उपक्रमों का लाभ भी उन्हीं को पहुंचाया जा रहा है। पंकज शर्मा ने कहा, देश में आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ रही है और इसका मुख्य कारण सरकार की गलत नीतियां हैं।

---

# जनगणना के लिए मकानों की गिनती शुरू, मई से काम होगा तेज, जनता को देने होंगे 33 सवालों के जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जनगणना 2027 के लिए काम शुरू हो गया है। राजधानी रायपुर सहित अन्य कुछ जिलों में लोगों के घरों पर मकान नंबर लिखने का काम शुरू हो गया है। जनगणना शुरू होने पर संबंधित अधिकारी कर्मचारी लोगों के घर-घर जाकर 33 सवाल पूछेंगे। इन सवालों को जनगणना में शामिल किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण और आवास गणना) का मैदानी कार्य आधिकारिक तौर पर 1 मई 2026 से शुरू होना निर्धारित है। वर्तमान में (अप्रैल 2026 के प्रथम सप्ताह तक), राज्य के सभी जिलों में इस कार्य के लिए तैयारी और प्रशिक्षण का चरण अंतिम दौर में है। मकान-दर-मकान जाकर सूचीकरण का काम मई से शुरू होगा, इसलिए अभी तक पूर्ण हो चुके कार्य के जिलेवार आधिकारिक आंकड़े जारी नहीं किए गए हैं।




### ये तैयारियां जारी

सूत्रों के अनुसार जनगणना के लिए चल रहे काम के दौरान रायपुर, दुर्ग, रायगढ़ और बलरामपुर जैसे जिलों में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। मकानों की नंबरिंगः रायपुर नगर निगम और दुर्ग जिले में मकानों के दीवारों पर नंबर डालने का प्रारंभिक कार्य शुरू कर दिया गया है ताकि 1 मई से मुख्य गणना सुचारू रूप से हो सके।

### घर-घर आएंगे जनगणना वाले

छत्तीसगढ़ सरकार ने भारत की आगामी जनगणना 2027 को लेकर आधिकारिक बिगुल फूंक दिया है। राज्य शासन के गृह (सामान्य) विभाग ने 3 फरवरी 2026 को एक अधिसूचना जारी कर केंद्र सरकार के उन निर्देशों को पुनः प्रकाशित किया है, भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी इस अधिसूचना के अनुसार, जनगणना अधिकारियों को यह शक्ति दी गई है कि वे निर्धारित स्थानीय क्षेत्रों में जाकर नागरिकों से मकान और परिवार की सुख-सुविधाओं से संबंधित जानकारी एकत्र करें ।

### इन 33 सवालों का देना होगा जवाब

जनगणना के दौरान प्रगणक आपके घर आकर मुख्य रूप से 33 श्रेणियों में जानकारी मांगेंगे। इसमें मकान की बनावट से लेकर आपके पास मौजूद इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स तक की जानकारी शामिल होगी। इसके साथ ही ये सवाल पूछे जाएंगे। मकान की स्थितिः भवन और जनगणना मकान नंबर, फर्श, दीवार और छत में प्रयुक्त सामग्री, तथा मकान की वर्तमान हालत । पीने के पानी का मुख्य स्रोत और उसकी उपलब्धता, शौचालय का प्रकार, गंदे पानी की निकासी और स्नानगृह की सुविधा । क्या घर में रसोईघर है? एलपीजी या पीएनजी कनेक्शन की स्थिति और खाना पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाला मुख्य ईंधन । परिवार के मुखिया का नाम, लिंग, जाति ( एससी, एसटी,अन्य) और परिवार में रहने वाले कुल व्यक्तियों एवं विवाहित जोड़ों की संख्या । परिवार द्वारा मुख्य रूप से खाया जाने वाला अनाज । इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, रेडियो, ट्रांजिस्टर, टेलीविजन, लैपटॉप या कंप्यूटर की उपलब्धता । संचारः इंटरनेट सुविधा, टेलीफोन, मोबाइल या स्मार्टफोन और केवल जनगणना संबंधी सूचनाओं के लिए मोबाइल नंबर भी लिया जाएगा।

---

**30 अप्रैल तक नहीं करने पर होगी कार्रवाई**

# 57 हजार मीट्रिक टन चावल अब तक जमा नहीं, 121 राइस मिलरों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में उपार्जन केंद्रों से अब तक जहां धान उठाव का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण नहीं हो पाया है, वहीं धान उठाव के विरुद्ध चावल जमा करने के कार्य में भी मिलरों द्वारा लेटलतीफी की जा रही है। इसके कारण जिल में अब तक 57 हजार मीट्रिक टन से भी अधिक चावल जमा नहीं हो पाया है। मिलरों के पास अब धान उठाव के विरुद्ध चावल जमा करने के लिए 28 दिन ही बचे हैं। 30 अप्रैल को चावल जमा करने की अंतिम तारीख है।

इसके मद्देनजर खाद्य विभाग ने अब राइस मिलरों पर सख्ती करना शुरू कर दिया है। इसके तहत 121 मिलरों को समय के भीतर चावल जमा करने के लिए नोटिस जारी किया। अधिकारियों का कहना है कि निर्धारित समय में चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों के विरुद्ध कलेक्टर के निर्देश पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



### 7 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव अभी भी बाकी

जिले में अभी तक समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीदा गया धान का शत-प्रतिशत उठाव भी नहीं हो पाया है। सात हजार मीट्रिक टन धान अभी भी उपार्जन केंद्रों में पड़ा हुआ हैं। बचे हुए धान को 40 राइस मिलरों द्वारा उठाव किया जाना है। बताया जा रहा है कि समय-सीमा खत्म होने के बाद भी जो धान उठा नहीं हैं। उसे उठाने के लिए सहकारी विपणन संघ मर्यादित विभाग लगातार राइस मिलरों पर दबाव बना रहा है। इसके बाद भी धान का उठाव हो नहीं पा रहा है।

### नोटिस जारी किया है

धान उठाव के विरुद्ध अब तक लगभग 57 हजार मीट्रिक टन चावल जमा नहीं हुआ है। चावल जमा नहीं करने वाले 121 राइस मिलरों को नोटिस जारी किया है। 30 अप्रैल को चावल जमा करने की अंतिम तारीख है।

- भूपेंद्र मिश्रा, खाद्य नियंत्रक रायपुर

### 30 से 2600 मीट्रिक टन तक चावल जमा नहीं

जिन राइस मिलरों ने धान उठाव के विरुद्ध चावल जमा नहीं किया हैं। उनकी संख्या 121 है। इनमें 18 राइस मिलर ऐसे हैं जिनके द्वारा एक हजार से लेकर 2600 मीट्रिक टन तक चावल जमा नहीं किए। इनमें 2 हजार मीट्रिक टन से अधिक चावल वाले मिलरों की संख्या 5 है। इन मिलरों के नाम क्रमशः एमएस इंडियन राइस, अग्रोहा इंडस्ट्रीज, कोनार्क इंडस्ट्रीज, कोनार्क इंडस्ट्रीज एचयूएफ एवं महालक्ष्मी पड्डी प्रोसेसिंग कंपनी शामिल है। इसी प्रकार 1 हजार से 2 हजार मीट्रिक टन चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों में गोयल एग्रो इंडस्ट्रीज, अमित एग्रो प्रो., श्रीओम राइस टेक प्रा.लि., आर्यन राइस इंडस्ट्रीज, जिंदलानी राइस मिल, गोयल एग्रो इंडस्ट्रीज प्रा.लि., गुरुनानक राइस इंडस्ट्रीज, कोनार्क इंडस्ट्रीज, गोयल एग्रो निर्मला राइस मिल, श्रीतिरूपति राइस इंडस्ट्रीज, विद्याश्री राइस मिल एवं मां संतोषी राइस मिल शामिल है।

---

## राज्य निर्माण के बाद किसी एक वर्ष में स्वीकृत सर्वाधिक राशि के दोगुने से भी ज्यादा

# पीडब्लूडी की उपलब्धि- एक वित्तीय वर्ष में 993 कार्यों के लिए 9129 करोड़ की दी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोक निर्माण विभाग के लिए विगत 31 मार्च को समाप्त वित्तीय वर्ष 2025-26 ऐतिहासिक रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष में विभाग ने राज्य के निर्माण के बाद से अब तक सबसे ज्यादा कार्यों और राशि की प्रशासकीय स्वीकृति के आदेश जारी किए हैं। विगत वित्तीय वर्ष में विभाग द्वारा कुल 993 कार्यों के लिए 9129 करोड़ 18 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं।

यह राशि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के बाद से किसी एक वर्ष में स्वीकृत सर्वाधिक राशि के दोगुने से भी ज्यादा है। वर्ष 2025-26 में मंजूर की गई राशि 2024-25 में स्वीकृत 2589 करोड़ 89 लाख रुपए की तुलना में तिगुने से भी ज्यादा है, जबकि कार्यों की संख्या दोगुने से भी अधिक है। हाल ही में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में लोक निर्माण विभाग ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों की मांगों, जरूरतों और जन आकांक्षाओं को देखते हुए उप मुख्यमंत्री तथा विभागीय मंत्री अरुण साव के निर्देश पर 1925 नए कार्यों को शामिल करते हुए इनके लिए 2287 करोड़ रुपए के प्रावधान किए थे। पिछले वर्ष के बजट में राज्य निर्माण के बाद से सर्वाधिक संख्या में नए कार्यों के प्रस्ताव शामिल किए गए थे। बजट में शामिल नए कार्यों को प्राथमिकता में रखते हुए बड़ी संख्या में इनकी मंजूरी के आदेश जारी किए गए हैं।




### 993 कार्यों के लिए 9129 करोड़ की मंजूरी

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने प्रदेशभर में सड़कों और पुलों के कार्यों को गति देने प्रस्तावित कार्यों के जल्द से जल्द डीपीआर तैयार कर ज्यादा से ज्यादा कार्यों की स्वीकृति के निर्देश दिए थे। उनके निर्देश पर विभाग ने सक्रियता और तत्परता से अमल करते हुए बीते वित्तीय वर्ष में अब तक के सर्वाधिक 993 कार्यों के लिए 9129 करोड़ की राशि को मंजूरी दी है।

### साव ने कही ये बात

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने इस तत्परता के लिए सभी विभागीय अधिकारियों और अमले की पीठ थपथपाते हुए कहा कि सरकार राज्य की अधोसंरचना को मजबूत करने अभूतपूर्व गति से कार्य कर रही है। रिकॉर्ड संख्या में सड़कों और पुलों को स्वीकृति देकर शहरों, गांवों और वनांचलों को जोड़ने का अभियान तेज किया गया है। हमारी प्राथमिकता हर पहुंचविहीन क्षेत्र तक बेहतर सड़क सुविधा पहुंचाना है, जिससे विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। सरकार सड़क नेटवर्क का सशक्त जाल बिछाने पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

### किस काम के लिए कितनी राशि

लोक निर्माण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2016-17 में 141 सड़कों और पुलों के लिए 2013 करोड़ रुपए, 2017-18 में 300 कार्यों के लिए 2311 करोड़ रुपए, 2018-19 में 154 कार्यों के लिए 4544 करोड़ रुपए, 2019-20 में 312 कार्यों के लिए 2402 करोड़ रुपए और 2020-21 में 345 कार्यों के लिए 3797 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई थी। विभाग ने वर्ष 2021-22 में 531 कार्यों के लिए 4482 करोड़ रुपए, 2022-23 में 466 कार्यों के लिए 2656 करोड़ रुपए, 2023-24 में 355 कार्यों के लिए 3753 करोड़ रुपए तथा 2024-25 में 436 कार्यों के लिए 2590 करोड़ रुपए के कार्यों को प्रशासकीय मंजूरी प्रदान की थी।

### केक कटवाकर बच्चों के चेहरे खिले



**रायपुर।** जिले में शासकीय कर्मचारियों के जन्मदिन अब केवल व्यक्तिगत आयोजन नहीं रह गए हैं, बल्कि समाज सेवा का माध्यम बनते जा रहे हैं। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना और न्योता भोज के अंतर्गत संचालित प्रोजेक्ट आओ बांटें खुशियां के तहत गुरुवार को स्टाफ नर्स नीतू शर्मा ने आंगनबाड़ी केंद्र भैंसा तिल्दा एवं फिजियोथेरेपिस्ट पूनम सोनी ने आंगनबाड़ी केंद्र महासमुंद में विद्यार्थियों के साथ जन्मदिवस के अवसर पर बच्चों के साथ केक काटकर, फल और पौष्टिक आहार वितरित कर मनाया।

## खबर संक्षेप

### आज से वॉलीबॉल का महासंग्राम

**रायपुर।** हाटकेश्वरनाथ वॉलीबॉल संघ द्वारा तीन दिवसीय 3 से 5 अप्रैल तक महादेवघाट स्थित हाटकेश्वरनाथ वॉलीबॉल ग्राउंड में 5वीं ऑल इंडिया वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी संघ के अध्यक्ष सैयद अनवर अली ने देते हुए बताया कि मास्टर्स वर्ग में दुबई, उत्तरप्रदेश, केरल, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, ओडिशा, चंडीगढ़, कोरबा, रायपुर और मॉर्निंग क्लब की टीमें भाग लेंगी, जबकि महिला वर्ग में पुणे, हरियाणा, कोलकाता, दिल्ली, आगरा, एसएआई रायपुर और भिलाई की टीमें उतरेंगी।

### दिव्यांग विद्यार्थियों ने दी छत्तीसगढ़ी नृत्य की प्रस्तुति




**रायपुर।** कुंवरगढ़ महोत्सव के अवसर पर धरसीवा ब्लॉक के ग्राम कुर्रा में तीन दिवसीय आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में आकांक्षा लायंस इंस्टिट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एम्पॉवरमेंट के दिव्यांग विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य की प्रस्तुति दी, जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। प्रस्तुति में बच्चों ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक जुड़ाव का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने की ऊर्जा, तालमेल और अभिव्यक्ति ने यह सिद्ध कर दिया कि दिव्यांगता किसी भी प्रतिभा के मार्ग में बाधा नहीं बन सकती।

## निधन

### उर्मिला श्रीवास्तव

**रायपुर।** कायस्थ पारा, पुरानी बस्ती निवासी उर्मिला श्रीवास्तव (82) का



2 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 अप्रैल को सुबह 9 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे शिक्षिका कीर्तिलता श्रीवास्तव की माता एवं सूर्यकांत श्रीवास्तव की सास थीं।

### श्रीप्रसाद आकांत

**रायपुर।** रायपुर निवासी श्रीप्रसाद आकांत का 1 अप्रैल को निधन हो



गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे शिल्पा आकांत के पति और प्रशस्ति आकांत के पिता थे।

## जग्गी हत्याकांड में हाईकोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया

# अमित बोले- बिना सुनवाई का अवसर दिए 40 मिनट में दोषी करार, सतीश ने कहा- आज उनके परिवार को न्याय मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एनसीपी नेता रामअवतार जग्गी हत्याकांड मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अमित जोगी को दोषी मानते हुए 3 हफ्ते के भीतर सरेंडर करने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट के इस फैसले पर स्व. रामअवतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने कहा, आज उनके परिवार को पूर्णतः न्याय मिला है, अंततः सत्य की जीत हुई है। मामले में अमित जोगी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, उच्च न्यायालय ने बिना सुनवाई का अवसर दिए मेरे विरुद्ध सीबीआई की अपील को मात्र 40 मिनट में स्वीकार कर लिया। मुझे खेद है कि जिस व्यक्ति को अदालत ने दोषमुक्त किया था, उसे बिना सुनवाई का एक भी अवसर दिए दोषी करार दिया गया। यह अप्रत्याशित है।

### सुप्रीम कोर्ट से मुझे अवश्य न्याय मिलेगा

अमित जोगी ने कहा, अदालत ने मुझे 3 सप्ताह के अंदर सरेंडर करने का समय दिया है। मुझे लगता है कि मेरे साथ गंभीर अन्याय हुआ है। मुझे पूरा विश्वास है कि सर्वोच्च न्यायालय से मुझे न्याय अवश्य मिलेगा। मैं न्याय व्यवस्था पर पूरा विश्वास रखता हूं। मैं पूर्ण शांति, आस्था और धैर्य के साथ आगे बढ़ रहा हूं। सत्य की जीत अवश्य होगी।





### आज सत्य की जीत हुई- सतीश

सतीश जग्गी ने हाईकोर्ट के फैसले के बाद कहा, शुरू से ही वे सीबीआई जांच चाहते थे। सीबीआई ने इस मामले में साक्ष्य जुटाए और अपने केस में अमित जोगी को मुख्य आरोपी बनाया था। फिलहाल मामला न्यायालय में है। अमित जोगी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए सतीश जग्गी ने कहा, 23 साल का वक्त कोई छोटा समय नहीं होता। एक साधारण परिवार को मुख्यमंत्री के परिवार से न्याय की लड़ाई लड़नी पड़ी, जिसमें कई बाधाएं आईं। उनके परिवार ने बहुत कुछ सहा, डर और दबाव भी झेला। 23 साल कहना आसान है, लेकिन ऐसे प्रभावशाली परिवार से लड़ना, जिसके पास सब कुछ हो और उनके पास कुछ भी नहीं, यह बेहद कठिन था। उनके पास सिर्फ सत्य था और आज उसी सत्य की जीत हुई है।

# एसपी कार्यालय की शिफ्टिंग के बाद पुराने रिकार्ड डंप पड़े





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टोरेट स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के रिकॉर्ड रूम में रखे पुराने दस्तावेजों के नष्ट होने का खतरा मंडरा रहा है। कलेक्टोरेट में एसपी भवन की जगह पर पांच मंजिल नई कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण होना है। इस बिल्डिंग के निर्माण के कारण एसएसपी कार्यालय को पहले ही यहां से रायपुर संभाग आयुक्त के पुराने भवन में शिफ्ट किया जा चुका है। शिफ्टिंग के दौरान रिकार्ड रूम को भी संभाग आयुक्त भवन में ही शिफ्ट किया जाना था, लेकिन रिकार्ड को शिफ्ट नहीं कर कलेक्टोरेट स्थित पुराना एसपी भवन के एक जर्जर हो चुके रूम में कूड़े की तरह डंप कर दिया गया है। इस रूम के दरवाजे पर ताला जरूर लगा हुआ है, लेकिन उनकी सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम नहीं है, जिससे इन दस्तावेजों के नष्ट होने का खतरा भी बना हुआ है।

कलेक्टोरेट परिसर में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए 5 मंजिल कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण होना है। इस बिल्डिंग के निर्माण के लिए पुराना एसपी भवन के पीछे और कोर्ट की तरफ खुदाई तथा कॉलम डालने का कार्य किया जा रहा है। हालांकि अभी तक पुलिस अधीक्षक भवन को तोड़ा नहीं गया है। इस पुलिस अधीक्षक भवन में ही पुलिस विभाग का रिकार्ड रूम भी था, जिसमें सालों पुराने दस्तावेज भी रखे हुए हैं। इन दस्तावेजों को एसपी कार्यालय की शिटिंग के साथ ही संभाग आयुक्त के पुराने भवन में शिफ्ट किया जाना था। इसके लिए संभाग आयुक्त भवन में भी एक कमरे को रिकार्ड रूम बनाया गया है। सूत्रों के अनुसार शिफ्टिंग के दौरान रिकार्ड रूम को शिफ्ट का काम शुरू भी हुआ था, लेकिन किसी कारण से इसे रोक दिया गया। इसके कारण रिकार्ड रूम के सारे दस्तावेजों को कलेक्टोरेट स्थित जर्जर हो चुके एक रूम में ही डंप कर दिया गया है।

### खिड़की खुली, पानी धूल-हवा से दस्तावेज हो रहे खराब



रिकार्ड रूम के पुराने दस्तावेजों को जिस कमरे में डंप कर दिया गया है, उस कमरे का मुख्य दरवाजा बंद है, लेकिन इस कमरे की बाहरी दीवार की ओर बनी दो खिड़कियां खुली हुई हैं। इन खिड़कियों में लगे कांच भी टूट चुके हैं। यही नहीं, जिस तरफ खिड़कियां खुली हुई हैं, उसकी एक खिड़की तक दस्तावेजों के बस्ते रखे हुए हैं। खिड़कियां खुली होने के कारण कमरे में बारिश का पानी से लेकर धूल-हवा भी जा रही है, जिससे दस्तावेज खराब हो रहे हैं।

### शिफ्ट किए जाने का कार्य जारी

*रिकार्ड रूम के दस्तावेजों को शिफ्ट किए जाने का कार्य जारी है। जल्द ही सारे दस्तावेजों को शिफ्ट कर लिया जाएगा।*

**- संजीव शुक्ला, पुलिस आयुक्त**

### एक चिंगारी से जलकर खाक हो जाएंगे सारे दस्तावेज

जिस कमरे में पुराने दस्तावेज डंप किए गए हैं, उसके पास ही कैंटीन और एक पान ठेला भी संचालित हो रहा है। पान ठेले में सिगरेट, बीड़ी पीने वाले हर दिन पहुंचते हैं। इनमें से कुछ लोग तो इस रिकार्ड रूम के पास खड़े होकर भी सिगरेट, बीड़ी पीते हैं। खुदाई और कॉलम निर्माण में लगे मजदूर वर्ग में भी कई लोग बीड़ी पीने के शौकीन होते हैं। ऐसे में अगर गलती से आग की छोटी सी चिंगारी भी खिड़की से दस्तावेजों तक जा पहुंची, तो कुछ मिनटों में ही सारे रिकार्ड जलकर खाक हो जाएंगे। बताया जा रहा है कि कमरे में रखे रिकार्ड में पुराने प्रकरण, चालान सहित अन्य कई तरह के विभागीय दस्तावेज भी हैं।

# साइबर जालसाजों ने बुजुर्ग किसान और महिला को बनाया शिकार, साढ़े तीन लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साइबर ठगों के खिलाफ टिकरापारा थाने में एक बुजुर्ग किसान तथा एक महिला ने साढ़े तीन लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाजों ने किसान के अकाउंट से साढ़े तीन लाख रुपए आहरण कर ठगी का शिकार बनाया। एक अन्य मामले में जालसाज ने महिला को ऑनलाइन समान भेजने के एवज में नकदी भेजने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया। हरदेव लाला मंदिर के पास रहने वाले 74 वर्षीय चोला राम मरकाम ने थाने में ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। किसान ने पुलिस को बताया है कि उनका अकाउंट जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा रानीतराई, दुर्ग में संचालित है। 19 मार्च से 22 मार्च 2026 के बीच उनके खाते से 12 अलग-अलग किस्तों में कुल 2 लाख 78 हजार रुपए निकाल लिए गए। चोला राम को ठगी की जानकारी 20 मार्च को तब मिली, जब उसके मोबाइल पर खाते से ट्रांजेक्शन का मैसेज आया।

- अज्ञात जालसाज ने बुजुर्ग किसान के अकाउंट से पौने तीन लाख आहरण कर बनाया ठगी का शिकार

### फर्जी साइट से आर्डर करने पर ठगी का शिकार

एक अन्य मामले में बोरियाखुर्द, चंद्रिका विहार निवासी हेमलता नेताम ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। हेमलता ने पुलिस को बताया है कि इंस्टाग्राम के माध्यम से उसने ऑनलाइन कपड़े का आर्डर दिया था। कपड़ा खरीदने के एवज में उसने शुरुआती तौर पर कुछ राशि का भुगतान किया। आर्डर बुक करने के दूसरे दिन 31 मार्च को महिला के मोबाइल में मैसेज आया। जालसाज ने महिला को अमेजन से आर्डर डिलीवर होने का झांसा देकर उसे दो बार में 1950 रुपए जमा करने का झांसा देकर रुपए जमा कराए। इसके बाद जालसाज ने महिला के अकाउंट से 66 हजार रुपए आहरण कर ठगी का शिकार बनाया।

### घर के बाहर टहल रही छात्रा से छेड़छाड़ कर मारपीट, कपड़े फाड़े

*टिकरापारा थाना में बीए की पढ़ाई कर रही एक छात्रा ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ छेड़खानी, मारपीट तथा कपड़ा फाड़ने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना देवपुरी, भाठापारा में बुधवार देर रात की है। छात्रा खाना खाने के बाद अपनी दो अन्य सहेलियों के साथ टहल रही थी, तब बदमाशों ने छात्रा का रास्ता रोक कर उसके साथ छेड़खानी की। मारपीट से छात्रा के शरीर पर कई जगहों पर गंभीर चोटें आई हैं। छात्रा ने पुलिस को बताया है कि वह बीए की छात्रा है और अपनी आजीविका के लिए एक अस्पताल की कैंटीन में काम करती है। घटना दिनांक को रात 12.30 बजे वह अपनी दो सहेलियों के साथ भोजन के बाद घर के पास टहल रही थी। देवपुरी, भाठापारा स्थित 'छाया फैंसी स्टोर' के पास पहुंची, तो वहां पहले से मौजूद कुछ युवकों ने उन्हें देखकर अभद्र टिप्पणियां करना शुरू कर दी। बदमाशों ने छात्रा के पहनावे को लेकर आपत्तिजनक बातें कहीं और गालियां देने लगे। जब छात्रा और उसकी सहेलियों ने इसका विरोध किया, तो बदमाश युवक भड़क गए। उन्होंने छात्रा को जान से मारने की धमकी देते हुए उस पर हमला कर दिया।*

### निगम की कार्रवाई के खिलाफ देवभोग मिल्क पार्लर संघ का उग्र प्रदर्शन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के प्रतिष्ठित उपक्रम 'देवभोग' के मिल्क पार्लरों को हटाए जाने के विरोध में गुरुवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश देवभोग मिल्क पार्लर संघ ने मोर्चा खोल दिया। नगर निगम के जोन क्रमांक-10 कार्यालय में बड़ी संख्या में पहुंचे संघ के सदस्यों ने निगम की कार्रवाई के प्रति अपना गहरा आक्रोश व्यक्त किया। विरोध स्वरूप संघ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कार्यालय परिसर में ही दूध के पैकेट फोड़कर अपना विरोध दर्ज कराया। संघ का तर्क है कि शासन के उपक्रम को अतिक्रमण की श्रेणी में रखकर हटाना अनुचित है, जिससे न केवल स्वरोजगार प्रभावित हो रहा है, बल्कि आम जनता के लिए दुग्ध आपूर्ति में भी बाधा आ रही है।

# एनडीपीएस में पकड़े गए आरोपी को नाबालिग बताने पुलिस को दी फर्जी मार्कशीट, अपराध दर्ज

## कोर्ट द्वारा ओरिजनल मार्कशीट जमा करने के निर्देश पर हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजेंद्र नगर थाने की पुलिस ने डेढ़ माह पूर्व कथित तौर पर जिन तीन नाबालिगों के कब्जे से एमडीएमए नामक ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था, उनमें से एक के बालिग होने की पुष्टि हुई है। नाबालिग के बालिग होने की पुष्टि होने पर उस कथित नाबालिग आरोपी के मामा के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

आरोपी को बचाने उसके मामा ने साजिश के तहत फर्जी अंकसूची बनाकर उसकी फोटो कॉपी पुलिस के सामने पेश की थी। बाल न्यायालय द्वारा ओरिजनल मार्कशीट पेश करने कहे जाने पर साजिश का खुलासा हुआ।

- बोन टेस्ट कराने पर बालिग होने की हुई पुष्टि

पुलिस ने गमखार हुसैन के खिलाफ फर्जी अंकसूची पेश करने के आरोप में अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार दो नाबालिग के साथ एक अन्य जिस लड़के के खिलाफ एनडीपीएस की कार्रवाई की गई थी, गमखार उस लड़के का मामा है। एफआईआर दर्ज करने के समय गमखार ने अपने भांजा को नाबालिग बताया। दूसरे दिन उसने पुलिस के सामने स्कूल शर्टिफिकेट की अंकसूची की फोटो कॉपी पेश की। इसके चलते गमखार के भांजे को भी संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया।

### स्कूल के साथ अंकसूची फर्जी

*मामले की सुनवाई माना स्थित बाल न्यायालय में हो रही है। सुनवाई के दौरान अंकसूची की जांच करने के दौरान न्यायाधीश ने पुलिस को बच्चे की ओरिजनल अंकसूची कोर्ट में पेश करने निर्देश दिए। अंकसूची के आधार पर पुलिस ने दुर्ग में उस स्कूल के बारे में जानकारी जुटाई, तब पुलिस को पता चला कि उस स्कूल का अस्तित्व ही नहीं है। इसके बाद पुलिस ने उस लड़के का डॉक्टर से बोन टेस्ट कराया। टेस्ट में लड़के की उम्र 18-20 वर्ष होने की पुष्टि हुई है। उस कथित नाबालिग को लेकर कोर्ट बालिग या नाबालिग होने पर फैसला सुनाएगी।*

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर
व जिला रायपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./ /अ-6 (अ) / 2025-26
ग्राम-टिकरापारा प.ह.नं.-70
रायपुर, दिनांक 01/04/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण (01) योगेश कुमार साहू पिता आशा राम साहू (02) आशाराम साहू पिता स्व. तुंगन राम साहू, (03) कमलाबाई पति आशाराम साहू तीनों निवासी सिद्धार्थ चौक टिकरापारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) (04) इन्दा साहू पति कुंजलाल साहू (पिता स्व. गणेश राम साहू) निवासी छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.), (05) लच्छूराम साहू पिता स्व. गणेश राम साहू निवासी ग्राम लखौली तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.), (06) अमृत साहू पिता स्व. गणेश राम साहू निवासी ग्राम लखौली तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.). (07) अमरिका साहू (पदमिनी) पति स्व. जलेश्वर साहू पिता स्व. गणेश राम साहू निवासी मठपारा उरकुरा बीरगांव जिला रायपुर (छ.ग.), (08) अमर सिंह पिता स्व. गणेश राम साहू निवासी टिकरापारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में अभिलेख दुरूस्त किये जाने बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख, किया है कि आवेदक द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य में धारित ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-11 तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि संधारण खसरा में शीट नंबर 03 प्लॉट नंबर 40/3 खसरा नंबर 137/2 रकबा 3400 वर्गफुट भूमि आवेदकगण की बुआ / बहन / ननद श्रीमती डेरहीनबाई पति जगन्नाथ प्रसाद के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि है। आवेदकगण की बुआ / बहन / ननद डेरहीनबाई पति जगन्नाथ प्रसाद की मृत्यु वर्ष 2002 को हो गई है। श्रीमती डेरहीन बाई द्वारा अपने जीवनकाल में निष्पादित पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 11/02/1987 के माध्यम से आवेदित प्रश्नाधीन भूमि को आशाराम पिता तुंगन साहू गणेशराम पिता तुंगन साहू, योगेश साहू पिता आशाराम साहू, कमलाबाई साहू पति आशाराम साहू को वसीयत में प्रदान किया गया है। वसीयत प्राप्तकर्तागण ने गणेशराम साहू पिता तुंगन राम साहू की मृत्यु दिनांक 22/07/2019 को हो गई है, आवेदक क्रमांक 04 से 08 श्री गणेश राम साहू के विधिक वारिसान हैं। उक्त पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 11/08/1987 के आधार पर आवेदित भूमि से संबंधित राजस्व अभिलेखों में मृतक खातेदार / वसीयतकर्ता का नाम विलोपित कर उनके स्थान पर उनके वसीयतप्राप्तकर्ता का नाम दर्ज किए जाने हेतु न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था जिसका राजस्व प्रकरण क्रमांक 202204113700037 / अ-6 / वर्ष 2021-2022 जिसके आदेश कॉपी में आवेदित भूमि में संपत्ति का विवरण ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70 तहसील व जिला में स्थित भूमि शीट क्रमांक 04 प्लॉट नंबर 40/2 खसरा नंबर 137/1 रकबा 3400 वर्गफुट त्रुटिपूर्ण अंकित कर दिया है। आवेदक द्वारा उपरोक्त भूमि का बी-1, खसरा नक्शा का नकल की आवश्यकता हुई तब जानकारी हुई कि ऑनलाईन राजस्व अभिलेख ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70 तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि संधारण खसरा में शीट नंबर 03 प्लॉट नंबर 40/3 खसरा नंबर 137/2 रकबा 3400 वर्गफुट सही जो कि सही है उनके स्थान पर शीट नंबर 04 प्लॉट नंबर 40/2 खसरा नंबर 137/2 रकबा 3400 वर्गफुट जो कि गलत उल्लेखित है। अतः आवेदक के द्वारा उपरोक्तानुसार राजस्व अभिलेखों में हुए त्रुटि को संशोधित किए जाने का निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 15/04/2026 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
रायपुर

## पेज 11 के शेष

### किराए के भवन में ...

प्रशासनिक कार्यों का एकमात्र केंद्र है। वर्तमान में अत्यंत सीमित एवं अनुपयुक्त परिस्थितियों में संचालित हो रहा है। पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के हजारों चिकित्सकों को अपने रजिस्ट्रेशन एवं संबंधित आवश्यक कार्यों के लिए इसी एक कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर आवेदन जमा करना पड़ता है, जबकि उक्त कार्यालय वर्तमान में किराए की एक अपर्याप्त भवन व्यवस्था में संचालित हो रहा है।

### 12 कोच की मेमू ...

यात्रियों को आने-जाने में सहूलियत होगी। बता दें कि रेलवे के दुर्ग-दल्लीराजहरा सेक्शन में 8 स्टेशनों के प्लेटफार्म की लंबाई को बढ़ाया जा रहा है, ताकि 12 कोच की मेमू ट्रेन भी खड़ी हो सके। वर्तमान में ट्रेन पूरी तरह प्लेटफार्म पर नहीं आती है, जिससे ट्रेन के कुछ कोच बाहर निकल जाते हैं।

जानकारी के मुताबिक यह कार्य स्वीकृत (सेंक्शन) हो चुका है, जो लगभग 10.78 करोड़ रुपए की लागत से पूर्ण होगा। इसमें मरौदा, पउवारा, रिसामा, गुंडरदेही, सिकोसा, लाटाबोर, भैंसबोड़ और सलाईटोला स्टेशन शामिल हैं।

**बालोद, दल्लीराजहरा, भानुप्रतापपुर और गुदुम में बनेगा दूसरा प्लेटफार्म** - रायपुर मंडल के बालोद, दल्लीराजहरा, भानुप्रतापपुर और गुदुम में यात्री ट्रेनों की परिचालन क्षमता और यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए इन स्टेशनों पर दूसरा प्लेटफार्म बनाने की योजना स्वीकृत हो चुकी है। दूसरे प्लेटफार्म के साथ-साथ इन स्टेशनों पर रैंप युक्त फुट ओवर ब्रिज बनाए जाएंगे, जिनकी संयुक्त लागत लगभग 30 करोड़ रुपए के आसपास है। आने वाले समय में इस रूट पर ट्रेनों की संख्या बढ़ने वाली है, क्योंकि यात्रियों की संख्या बढ़ने के कारण दूसरे प्लेटफार्म की जरूरत बढ़ गई है।

### अब मोबाइल पर आएगी ...

उपलब्ध कराने की दिशा में यह पहल की गई है। योजना के अंतर्गत पहली लैब का शुभारंभ 14 अप्रैल 2026 को जिला जगदलपुर से किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत छत्तीसगढ़ इंटीग्रेटेड डायग्नोस्टिक मैनेजमेंट सिस्टम विकसित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से राज्यभर में "हब एंड स्पोक" मॉडल पर आधारित एक मजबूत जांच नेटवर्क तैयार होगा।

इसमें स्टेट रेफरल लैब, 4 संभागीय लैब, 33 जिला लैब, 12 सिविल अस्पताल लैब तथा 187 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर की लैब को जोड़ा जाएगा, जबकि 814 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैंपल कलेक्शन केंद्र के रूप में कार्य करेंगे। इस तरह कुल 1051 स्वास्थ्य संस्थानों में जांच सुविधाओं का विस्तार होगा, जिससे दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को भी अपने क्षेत्र में ही उच्च गुणवत्ता की जांच सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

### सामुदायिक स्वास्थ्य...

जांच रिपोर्ट कम समय में तैयार होकर सीधे मरीज के मोबाइल में उपलब्ध होगी, जिससे उपचार में तेजी आएगी और पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। योजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। जिला स्तर की लैब शीघ्र प्रारंभ होंगी और आगामी तीन माह में पूरा नेटवर्क क्रियाशील हो जाएगा। इसके साथ ही एक अत्याधुनिक मॉनिटरिंग डैशबोर्ड और कमांड सेंटर स्थापित किया जाएगा, जिससे जांच सेवाओं की गुणवत्ता, समयबद्धता और उपयोग पर रियल-टाइम नजर रखी जा सकेगी।

### कोचिंग पर निर्भरता कम...

तक लागू किया जाएगा। हर विद्यार्थियों को कम से कम दो भारतीय भाषाएं पढ़नी होंगी और 10वीं बोर्ड में बैठने के लिए भाषाओं को पास करना जरूरी होगा। हालांकि दिव्यांग छात्रों को इसमें छूट दी गई है। सीबीएसई के अनुसार, यह ढांचा अभी विकसित हो रहा है और फीडबैक के आधार पर इसमें सुधार किया जाएगा। बोर्ड का मानना है कि इन बदलावों से स्कूल शिक्षा अधिक व्यावहारिक और प्रतिस्पर्धी बनेगी, जिससे डमी स्कूलों की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा और छात्र मुख्यधारा की पढ़ाई से जुड़ेंगे।

### बैगलेस डे लागू...

कला शिक्षा, शारीरिक शिक्षा और कल्याण को भी अब कोर लर्निंग का हिस्सा बनाया गया है। आंतरिक मूल्यांकन को चार हिस्सों में आवधिक परीक्षण, एकाधिक मूल्यांकन, पोर्टफोलियो और विषय संवर्धन में बांटा गया है, जिनका समान वेटेज होगा। बोर्ड परीक्षा में अब करीब 50 प्रतिशत सवाल केस स्टडी, डेटा एनालिसिस और एप्लीकेशन आधारित होंगे।

### 25 अंकों की अतिरिक्त...

एडवांस विषय चुन सकेंगे। टेक्नोलाजी आधारित लर्निंग को बढ़ावा देते हुए बोर्ड ने कम्प्यूटेशनल थिंकिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भी मुख्यधारा में शामिल किया है।

तीसरी से आठवीं तक इसे गतिविधि आधारित तरीके से पढ़ाया जाएगा, जबकि 2027-28 से माध्यमिक स्तर पर इसे विषय के रूप में लागू किया जाएगा। 2029 तक इनका बोर्ड परीक्षा में औपचारिक मूल्यांकन भी शुरू हो जाएगा।

## बिजनेस साइट

### रायपुर में दो दिवसीय 'गाइनेक ऑन्कोलॉजी कॉन्फ्रेंस' कल से

#### देश के अग्रणी विशेषज्ञ करेंगे मार्गदर्शन







**रायपुर।** महिलाओं में कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए मित्तल हॉस्पिटल एवं गायनेक सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय 'गाइनेक ऑन्कोलॉजी कॉन्फ्रेंस' का आयोजन 4 एवं 5 अप्रैल को होटल बेबीलॉन कैपिटल में किया जाएगा। इस सम्मेलन में देश के अग्रणी स्त्रीरोग एवं कैंसर विशेषज्ञ भाग लेकर नवीनतम उपचार पद्धतियों और शोध पर प्रकाश डालेंगे। सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात कैंसर विशेषज्ञ डॉ. सुरेश आडवानी उपस्थित रहेंगे, जो अपने दशकों के अनुभव से चिकित्सकों का मार्गदर्शन करेंगे। साथ ही देशभर से सात राष्ट्रीय फैकल्टी विभिन्न सत्रों में सर्वाइकल, ओवेरियन एवं एंडोमेट्रियल कैंसर के निदान और उपचार पर चर्चा करेंगी। कार्यक्रम में 'रियल वर्ल्ड सीनारियो' पर आधारित सत्र, केस स्टडी, पैनल चर्चा और इंटरैक्टिव सेशन आयोजित होंगे। आयोजकों के अनुसार, इसका उद्देश्य उपचार की गुणवत्ता सुधारने के साथ जागरूकता और समय पर स्क्रीनिंग को बढ़ावा देना है।

**//आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री मोती लाल धीवर पिता-स्व. श्री झाडुराम धीवर निवासी म.नं.-157, वार्ड नं.-11, शिव चौक, ग्राम- तुलसी-2, मंदिर हसौद, रायपुर छ.ग. की ओर से ग्राम- बहनाकाड़ी प.ह.नं.-00013, रा.नि.मं.-एवं तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर- 139 रकबा - 0.9100 हेक्टेयर को उनके स्व. पिता- श्री झाडुराम धीवर द्वारा अपने जीवन काल में अपने पुत्रगण चंदु लाल धीवर, हीरालाल धीवर के नाम से क्रय किया गया है जिस समय उक्त वर्णित भूमि को क्रय किया गया था मेरा पक्षकार नाबालिक था जिसके कारण उनके स्व. पिता द्वारा उनके दोनों बड़े पुत्रों के नाम से क्रय किया था जो कि संयुक्त परिवार की भूमि थी पिता की मृत्यु के पश्चात मेरा पक्षकार का बराबर-बराबर हक व हिस्सा उक्त वर्णित भूमि पर है, जिस पर मेरा पक्षकार दाखिल व काबिज है जिस पर मेरा पक्षकार किसानी का काम वर्तमान में किया जा रहा है। उक्त संबंध में मेरे पक्षकार के द्वारा दिनांक 07/02/2026 को आम सूचना का प्रकाशन करवाया गया जिसका खंडन मेरे पक्षकार के बड़े भाई श्री हीरालाल धीवर एवं चंदुलाल धीवर के द्वारा दिनांक 26/02/2026 को कराया गया था, और उक्त वर्णित भूमि किसी अन्य को विक्रय अंतरण के लिए राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज होने का फायदा उठाकर विक्रय अंतरण का प्रयास किया जा रहा है जिसके संबंध में मेरे पक्षकार के द्वारा अपने अपने अधिवक्ता हर्ष पुजारा के माध्यम से दिनांक 09/02/2026 को चंदु लाल एवं हीरा लाल अपने बड़े भाई को नोटिस भी प्रेषित करवाया गया के बावजुद भी मेरे पक्षकार के संयुक्त स्वामी एवं पैतृक भूमि को उनके बड़े भाई हीरालाल धीवर एवं चंदु लाल धीवर दोनों पिता- स्व. झाडुराम धीवर निवासी- म.नं.-157, वार्ड नं.-11, शिव चौक ग्राम तुलसी-02, मंदिर हसौद जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा उक्त वर्णित भूमि को अंतरण किया जाता है तो वह शून्य एवं अवैध तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। इसके बावजूद भी यदि मेरे पक्षकार के दोनों बड़े भाईयों के द्वारा उक्त वर्णित भूमि को अंतरण किया जाता है तो सक्षम दीवानी न्यायालय में विक्रेता एवं क्रेता के विरूद्ध वाद दायर किया जावेगा।

सो सूचना जाने।
रायपुर (छ०ग०)
दिनांक : 02/04/2026

भवदीय
आर.के. महोबिया
(अधिवक्ता)
कार्यालय- लीली चौक, पुरानी बस्ती
नया मंदिर मार्ग रायपुर छ.ग.
मो.न. 9926895225

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्रीमती सविता अग्रवाल, पति-श्री गणेश अग्रवाल, निवासी-जनता कालोनी, गुढ़ियारी, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ०ग०) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा सेरीखेड़ी, प.ह.नं.-00077, रा.नि.मं. -रायपुर-18-कांदुल, तहसील व जिला-रायपुर (छ०ग०) स्थित भूमि ख.नं.-720/20, रकबा 0.0370 हेक्टेयर भूमि है को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि अदा कर चुका है, केवल बैनामा निष्पादन एवं पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उक्त संव्यवहार से जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, साहूकार, शासकीय अथवा गैर शासकीय निकाय, निगम, पारिवारिक सदस्य एवं अन्य को कोई दावा या आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिनों के भीतर मय दस्तावेज के लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेंवे, केवल आम सूचना का खण्डन मान्य नही होगा। म्याद बाद की गयी दावा या आपत्ति इस आम सूचना के समक्ष अवैध व शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी, एवं मेरा पक्षकार अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन कराने के लिये स्वतंत्र होगी।

सो सूचना जाने।
रायपुर छ.ग.
दिनांक-02/04/2026

भवदीय
एस.एस. चन्देल
अधिवक्ता
कृष्णा नगर, संतोषी नगर, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं.-9425519873

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री किशन कुमार अग्रवाल, श्री लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, निवासी-बैजनाथ पारा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ०ग०) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा सेरीखेड़ी, प.ह.नं.-00077, रा.नि.मं.-रायपुर-18-कांदुल, तहसील व जिला-रायपुर (छ०ग०) स्थित भूमि ख.नं.-720/12 का भाग, रकबा-6800 वर्गफुट याने 0.063 हेक्टेयर भूमि है को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि अदा कर चुका है, केवल बैनामा निष्पादन एवं पंजीयन की कार्यवाही शेष है।


अतः उक्त संव्यवहार से जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, साहूकार, शासकीय अथवा गैर शासकीय निकाय, निगम, पारिवारिक सदस्य एवं अन्य को कोई दावा या आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिनों के भीतर मय दस्तावेज के लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेंवे, केवल आम सूचना का खण्डन मान्य नही होगा। म्याद बाद की गयी दावा या आपत्ति इस आम सूचना के समक्ष अवैध व शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी, एवं मेरा पक्षकार अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन कराने के लिये स्वतंत्र होगी।

सो सूचना जाने।
रायपुर छ.ग.
दिनांक-02/04/2026

भवदीय
एस.एस. चन्देल
अधिवक्ता
कृष्णा नगर, संतोषी नगर, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं.-9425519873

### कस्टम मिलिंग के बाद अब सीमेंट बना अवैध वसूली का नया 'मॉडल'

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने सीमेंट की कीमतों में हुई बेतहाशा वृद्धि को लेकर राज्य सरकार और सीमेंट कंपनियों के 'गठबंधन' पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने इस बढ़ोतरी को चुनावी चंदे के लिए लूट की खुली छूट करार देते हुए कहा कि पांच राज्यों के चुनाव फंड के लिए जनता के पसीने की कमाई को सीमेंट माफियाओं के हवाले कर दिया गया है। श्री अग्रवाल ने तर्क दिया कि कीमतों में यह वृद्धि किसी आर्थिक कारण से नहीं, बल्कि राजनीतिक सांठगांठ के चलते हुई है। उन्होंने कहा कि कीमतों में कृत्रिम रूप से मार्च के शुरुआती हफ्ते में जो सीमेंट 210 प्रति बैग था, उसे रातों-रात बढ़ाकर 270 कर दिया गया है। बुकिंग पर रोक : कीमतों को और अधिक ऊंचाई पर ले जाने के लिए कंपनियों ने जानबूझकर बुकिंग बंद कर दी है, ताकि बाजार में सीमेंट की कृत्रिम किल्लत पैदा की जा सके।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# लगातार दूसरे माह बिजली बिल में एफपीपीएएस शुल्क के डबल करंट से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को एफपीपीएएस शुल्क में लगातार दूसरे माह भी राहत मिलेगी। फरवरी के बाद अब मार्च के बिल में भी डबल शुल्क का करंट नहीं लगेगा। अप्रैल में जो मार्च का बिल आएगा उसमें फरवरी में की गई खपत पर 4.26 फीसदी ही एफपीपीएएस शुल्क लगेगा। बीते माह एफपीपीएएस शुल्क छह फीसदी से भी कम लगा था। इसके पहले जनवरी में जहां दिसंबर का बचा 8.21 फीसदी शुल्क लिया गया, वहीं जनवरी का 4.14 फीसदी शुल्क भी लिया गया। ऐसे में कुल मिलाकर 12.35 फीसदी शुल्क लिया गया।

बिजली का नया टैरिफ बीते साल जुलाई से लागू होने के कारण वैसे ही बिजली महंगी हो गई थी। ऐसे में जब बीते साल अगस्त के बिल के समय एफपीपीएएस शुल्क तय हुआ तो यह 14.20 प्रतिशत आया। ऐसे में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इसका आधा 7.10 फीसदी ही अगस्त के बिल में वसूली करने का फैसला किया। ऐसे में जब सितंबर में अगस्त का बिल आया तो इसमें टैरिफ के साथ ही 7.10 फीसदी के हिसाब से एफपीपीएएस शुल्क लगा। इस माह तो राहत मिल गई लेकिन सितंबर में फिर से एफपीपीएएस तय किया गया तो 9.46 फीसदी आया। ऐसे में इसका 2.46 फीसदी ही सितंबर के बिल के साथ वसूला गया, लेकिन इसी के साथ अगस्त का पुराना सात फीसदी शुल्क भी लिया गया। अक्टूबर में जो सितंबर का बिल आया, उसमें एक तरफ जहां 2.46 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क लिया गया, वहीं पुराना सात फीसदी शुल्क एडजस्टमेंट कास्ट के रूप में लिया गया। इसके बाद दिसंबर में जो नवंबर का बिल आया इसमें 12 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क का झटका लगा। नवंबर में अक्टूबर का 9.59 फीसदी और नवंबर का 2.41 फीसदी शुल्क दिसंबर के बिल में लिया गया।

### फरवरी की खपत पर मार्च के बिल में लगेगा 4.26 फीसदी शुल्क

खास खबर

**जनवरी में 12.35 फीसदी का लगा था झटका**

नए साल के पहले माह जनवरी में जो दिसंबर का बिल आया था। उसमें 13.64 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क लिया गया। इसमें जहां 5.43 फीसदी पुराना शुल्क है, वहीं दिसंबर का 8.21 फीसदी शुल्क शामिल है। दिसंबर में एफपीपीएएस शुल्क 16.42 फीसदी तय हुआ था। इसमें से आधा दिसंबर के बिल के साथ लिया गया। इसके बाद बचा आधा 8.21 फीसदी शुल्क जनवरी के बिल में लिया गया। फरवरी में जब जनवरी का बिल आया तो उसमें पुराना 8.21 फीसदी शुल्क और जनवरी का नया शुल्क 4.14 फीसदी भी लिया गया। ऐसे में इस माह भी डबल झटका लगा था। लेकिन इसके बाद से दो माह से राहत है।



## खबर संक्षेप



### कुंवरगढ़ महोत्सव में छग लोककला की धूम

**रायपुर**। धरसींवा के ग्राम साकरा में आयोजित कुंवरगढ़ महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक संध्या में छत्तीसगढ़ी लोककला, संगीत एवं हास्य का भव्य संगम देखने को मिला। इस अवसर पर कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति और परंपराएं हमारी पहचान हैं, जिन्हें संरक्षित एवं प्रोत्साहित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। मंत्री श्री साहेब ने कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि राज्य सरकार कलाकारों के सर्वांगीण विकास एवं प्रोत्साहन के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रसिद्ध गायक विवेक शर्मा की प्रस्तुति से हुई, जिसने दर्शकों में उत्साह का संचार किया। इसके बाद लोकगायिका गरिमा दिवाकर ने भक्ति एवं लोकसंगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। चम्पा निषाद ने भी अपने मधुर गीतों से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस अवसर पर धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### दो दिव्यांगों को मिली मोटराइज्ड ट्रायसिकिल



**रायपुर**। कलेक्टर गौरव सिंह ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग-सहायक उपकरण योजना के तहत ग्राम भानसोज, विकासखंड आरंग के मिलाप दास मानिकपुरी एवं ग्राम छटेरा विकासखंड आरंग के बंशीलाल साहू को मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल प्रदान की। ट्रायसाइकिल प्राप्त होने के बाद दोनों दिव्यांग जनों ने कहा कि अब वे अपने रोजमर्रा के काम खुद कर सकते है। पहले जहां उन्हें कहीं जाने के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था, वहीं अब वे स्वतंत्र रूप से कहीं भी आ-जा सकते हैं। इससे उनका आत्मविश्वास एवं आत्मसम्मान बढ़ा है। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक अरविंद गेडाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### आज सरायपाली प्रवास पर रहेंगे राज्यपाल

**रायपुर**। राज्यपाल रमेन डेका शुक्रवार को सरायपाली प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे सुबह 9 बजे राजभवन रायपुर से प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 12 बजे सर्किट हाउस सरायपाली में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेंगे। बैठक के पश्चात राज्यपाल सर्किट हाउस सरायपाली से दोपहर 2.30 बजे सर्किट हाउस सम्बलपुर ओडिशा के लिए प्रस्थान करेंगे।

# केरोसिन बांटने का आदेश दरकिनार कई राशन दुकानों में पहुंचा ही नहीं

## 240 केएल केरोसिन का अतिरिक्त आवंटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

युद्ध के कारण एक ओर जहां एलपीजी गैस की समस्या बनी हुई है, जिसके कारण घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर लेने के लिए गैस एजेंसियों में हर रोज उपभोक्ताओं की भीड़ लग रही है, वहीं दूसरी ओर घरेलू गैस उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन ने सभी उचित मूल्य की दुकानों में केरोसिन वितरण कराने के लिए निर्देश दिए हैं। इस निर्देश का पालन ही नहीं किया गया। मार्च खत्म होने के बाद भी कुछेक उचित मूल्य की दुकानों में ही केरोसिन का भंडारण किया गया है, जिसके कारण हितग्राहियों को दुकानों से केरोसिन के बिना ही लौटना पड़ रहा है। इधर इस मामले में खाद्य विभाग के अधिकारी का कहना है कि आवंटन मार्च में जारी हुआ है। इस आदेश के तहत अब अप्रैल से उचित मूल्य दुकानों में सख्ती से भंडारण कराया जाएगा।

एलपीजी गैस की किल्लत को देखते हुए खाद्य विभाग की ओर से जिले के नगरीय क्षेत्रों में संचालित समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों में प्रत्येक कार्ड धारक को 2-2 लीटर केरोसिन वितरण करने का आदेश जारी हुआ। इस आदेश के तहत उचित मूल्य दुकानों के लिए 240 केएल केरोसिन का आबंटन भी किया है। दुकानों में केरोसिन का भंडारण कराने के लिए एजेंसी मेसर्स मनसुखलाल प्रागजी भाई राजनांदगांव को 144 केएल केरोसिन तथा मेसर्स अहमद भाई को 96 केएल केरोसिन आबंटन किया है। इन दोनों एजेंसियों को उचित मूल्य दुकानों में मांग के अनुसार केरोसिन आबंटन करने के लिए कहा गया है, लेकिन अब तक कुछेक दुकानों में ही केरोसिन का आबंटन किया जा सका है।

### प्रति लीटर केरोसिन की कीमत 63.50 रुपए

प्रति लीटर केरोसिन की कीमत 63.50 रुपए निर्धारित की गई है। इसके तहत प्रत्येक कार्ड धारक को 2 लीटर केरोसिन वितरण होना है। दुकानों में केरोसिन का भंडारण नहीं होने से इसका वितरण भी नहीं हो पा रहा है। इधर यह भी बताया जा रहा है कि पिछले कई साल से केरोसिन का वितरण दुकानों में बंद हो गया है, जिसके कारण अब दुकानदार भी केरासिन वितरण करने से परहेज कर रहे हैं। इसके कारण दुकानदार भी केरोसिन की डिमांड नहीं कर रहे हैं।

### डिमांड कम, ड्रम का खर्चा बढ़ा

कई दुकानदारों ने केरोसिन नहीं बिकने के कारण ड्रम रखना ही बंद कर दिए हैं। ऐसे में अब नए आदेश के बाद उन्हें ड्रम लेना होना। इसे अतिरिक्त खर्चा मानते हुए दुकानदार केरोसिन की मांग भी नहीं कर रहे हैं। कुछ दुकानदारों का कहना है कि हितग्राही केरोसिन की मांग ही नहीं करते। ऐसे में ड्रम और केरोसिन लेकर वे क्या करेंगे।

### सख्ती बरती जाएगी

राशन दुकानों में केरोसिन वितरण के लिए दुकानदारों पर सख्ती बरती जाएगी। केरोसिन का आबंटन आ चुका है। चालू महीनें में दुकानों में भंडारण कराया जाएगा।

\- **भूपेंद्र मिश्रा**, खाद्य नियंत्रक रायपुर

# निजी उद्योगों से नहीं वसूला बिजली बिल तो आप काटेगी कनेक्शन

## प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि को लेकर आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि और बदहाल बिजली व्यवस्था को लेकर बिरगांव के बिजली ऑफिस का घेराव कर अपनी 6 सूत्री मांगों पर वितरण कंपनी के एमडी के नाम ज्ञापन दिया । पार्टी ने कहा, सरकार को जनता पर बार-बार बिजली दर बढ़ाकर आर्थिक बोझ डालने के बजाय बिजली उत्पादन और प्रबंधन सुधारने पर ध्यान देना चाहिए। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती, स्मार्ट मीटर तकनीक का दुरुपयोग, और लगातार खराब प्रबंधन से आम जनता त्रस्त है। यह स्थिति दर्शाती है कि ऊर्जा विभाग पूरी तरह ब्यूरोक्रेट्स के प्रभाव में काम कर रहा है, जिससे जनहित की अनदेखी हो रही है। पार्टी ने कहा, यदि बिजली दर में वृद्धि होती है तथा निजी उद्योगों और सरकारी विभागों के पेंडिंग 3100 करोड़ राशि की वसूली नहीं कारती है, तो एक मई के बाद आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जाकर उनका बिजली कनेक्शन काटेंगे।

### नए टेंडर सिस्टम पर उठाए सवाल

आप ने हाल ही में लागू किए गए नए टेंडर सिस्टम को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी ने कहा कि यह पूरा सिस्टम अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। विभाग की लापरवाही और खराब प्रबंधन के कारण प्रदेश की बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। आम आदमी पार्टी ने प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि को तत्काल वापस लेने सहित बिजली विभाग के वर्तमान एमडी को बदलने, बड़े अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा, टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की मांग की है। पार्टी ने कहा, स्मार्ट मीटर व्यवस्था में सुधार कर जनता को राहत दी जाए तथा अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए। प्रदर्शन के दौरान सूरज उपाध्याय, मुन्ना बिसेन, दुर्गा झा,अनुषा जोसेफ, कलावती मार्को, स्वाति तिवारी, सीमा झा, जयदीप खनूजा, मिहिर कुर्मी, इमरान खान सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

# मंत्रालय में अर्जित वेतन के विरुद्ध ऋण योजना शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की पहल पर प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारियों के हित में अर्जित वेतन के विरुद्ध ऋण योजना का मंत्रालय में शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऋषभ पाराशर ने योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब शासकीय सेवक माह के दौरान अपने वेतन का एक हिस्सा बिना ब्याज के अग्रिम रूप से प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही, वे अपने वेतन के आधार पर पांच वर्ष तक की अवधि के लिए कम ब्याज दर पर ऋण भी ले सकेंगे। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि भविष्य में इस योजना के अंतर्गत होम लोन, शिक्षा ऋण जैसी अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

**कमल वर्मा ने जताया आभारः** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि राजस्थान की तर्ज पर इस योजना को छत्तीसगढ़ में लागू करने की मांग विगत कई वर्षों से की जा रही थी। सरकार द्वारा फेडरेशन के मांग-पत्र के आधार पर इस योजना को लागू किए जाने पर उन्होंने प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अब कर्मचारी अपने अर्जित वेतन का एक हिस्सा बिना किसी ब्याज के अग्रिम रूप से प्राप्त कर सकेंगे, जिससे आकस्मिक आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति में उन्हें सुविधा मिलेगी। इसके अतिरिक्त, कर्मचारियों को उनके वेतन के आधार पर पांच वर्ष तक की अवधि के लिए कम ब्याज दर पर ऋण सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

संचालक, कोष एवं लेखा पद्मिनी भोई साहू ने बताया कि "रिफाइन" एप के माध्यम से शासकीय सेवक इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने जानकारी दी कि कार्मिक संपदा और रिफाइन एप के बीच एकीकृत (इंटीग्रेशन) व्यवस्था की गई है, जिससे पूरी पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता के साथ सेवक इस एप का उपयोग कर सकेंगे। शीतल शाश्वत वर्मा ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आगामी दिनों में सभी आवश्यक दस्तावेज वित्त विभाग के पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। साथ ही, उन्होंने यह भी बताया कि रिफाइन एप के संचालन के संबंध में वित्त विभाग द्वारा शीघ्र ही दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ कोषालय अधिकारी सुनील उपाध्याय ने आभार व्यक्त करते हुए इसे कर्मचारी हित में लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय बताया तथा फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा एवं वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन अमित जैन ने किया।

इस दौरान रिफाइन फाइनेंस के प्रतिनिधि के द्वारा इस योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए एप के संचालन हेतु वीडियो के माध्यम से प्रस्तुतिकरण दी गई। शुभारंभ के अवसर पर अतीश पाण्डेय, श्रद्धा त्रिवेदी, आईआर रात्रे, जय कुमार साहू, संतोष कुमार वर्मा, शाश्वत साहू, संजीत शर्मा, जगदीप बजाज, आकाश त्रिपाठी, जागेश्वर भट्ट, नितिन आटनकर, राजेश ठक्कर, देवाशीष दास, अंकित शर्मा, लोकेश वर्मा, निशा यादव, प्रवीण सिंह, नारायण तिवारी, मुकेश ध्रुव, एशम साहू, ब्रिनिशा एक्का, युवराज शर्मा, कुमार यादव, दीपक सोनकर, कल्याण सिंह, वीरेंद्र जांगड़े सहित फेडरेशन से संबद्ध विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि एवं वित्त विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एमएसएमई, स्टील उद्योगों में नहीं टला गैस संकट, उत्पादन अब तक प्रभावित

## शासन से तय चालीस फीसदी के स्थान पर आधे सिलेंडर भी नहीं मिल पा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के एमएसएमई यानी लघु उद्योगों के साथ ही स्टील उद्योगों से जुड़े मिनी स्टील प्लांट, रोलिंग मिल और स्पंज आयरन का काम भी गैस सिलेंडर न मिलने से लगातार प्रभावित हो रहा है। शासन द्वारा उद्योगों को 40 फीसदी तक सिलेंडर देने की बात कहने के बाद भी उद्योगों को इसका आधा भी नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में उत्पादन अब तक प्रभावित है।

एलपीजी गैस सिलेंडरों को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। जहां एक तरफ घरेलू गैस सिलेंडरों को लेकर मारा मारी है, वहीं सबसे बड़ी परेशानी कमर्शियल गैस सिलेंडरों को लेकर हो रही है। हालांकि केंद्र सरकार ने राज्यों को अब 40 फीसदी तक सप्लाई करने का फैसला किया है। इसके बाद उद्योगों को प्रदेश सरकार की तरफ से भी 40 फीसदी तक गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की बात की गई है, लेकिन उद्योगों का कहना है कि उनको गिनती के ही सिलेंडर मिल रहे हैं जो 20 फीसदी भी नहीं है।



### कम मिल रहे

एमएसएमई के उद्योगों को 40 फीसदी सिलेंडर देने की बात हुई है, इसका आधा भी नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में उत्पादन अब भी 20 से 25 फीसदी तक प्रभावित है।

\- **अश्विन गर्ग**, अध्यक्ष, उरला एसोसिएशन

### रोज 10 से 15 फीसदी मिल रहे

रोलिंग मिलों को हर माह तीन हजार सिलेंडर लगते हैं। हमने पूरी सूची शासन को दे दी है, लेकिन अभी रोज 10 से 15 फीसदी ही सिलेंडर मिल पा रहे हैं। ऐसे में उत्पादन अभी पटरी पर वापस नहीं लौटा है।

\- **संजय त्रिपाठी**, अध्यक्ष, रोलिंग मिल एसोसिएशन

### इन उद्योगों के लिए जरूरी

एलपीजी गैस सिलेंडर की जरूरत लघु उद्योगों में इंजीनियरिंग का काम करने वालों को ज्यादा पड़ती है। इन उद्योगों से जुड़े लोगों का कहना है कि सही संख्या का बता पाना संभव नहीं है, उद्योगों के हिसाब से किसी को एक दिन में एक सिलेंडर लगता है तो किसी को उसके काम के हिसाब से पांच से दस सिलेंडर भी लग जाते हैं। इसी के साथ मिनी स्टील प्लांट और रोलिंग मिलों में सरिया बनाने के काम आने वाले बिलेट की कटिंग करने के लिए गैस सिलेंडर की जरूरत पड़ती है। मिनी स्टील प्लांट और रोलिंग मिल का कारोबार करने वालों के मुताबिक एक छोटे उद्योग को हर माह 15 से 25 सिलेंडरों की जरूरत पड़ती है। स्पंज आयरन उद्योग को भी गैस सिलेंडर लगते हैं। प्रदेश में 150 रोलिंग मिल, 120 मिनी स्टील प्लांट और 70 स्पंज आयरन उद्योगों के साथ भारी संख्या में एमएसएमई के उद्योग हैं। रोलिंग मील संघ ने शासन को लिखित में बताया है कि उनको हर माह करीब 3000 सिलेंडर लगते हैं। यानी रोज के सौ सिलेंडर लगते हैं, लेकिन इनको इस समय रोज 10 से 15 सिलेंडर ही मिल पा रहे हैं। इसी तरह से एमएसएमई के उद्योगों को भी 10 से 15 फीसदी सिलेंडर ही मिल रहे हैं। उद्योगों का कहना है कि शासन को गैस एजेंसियों से ही उद्योगों की सूची लेकर उनको 40 फीसदी तक सिलेंडर देने के निर्देश देने चाहिए तब जाकर सरकार की मंशा के मुताबिक उद्योगों को 40 फीसदी सिलेंडर मिल पाएंगे।




## रायपुर में इस बार सालभर में 38 हजार हुई है रजिस्ट्री

# वित्तीय वर्ष 2024 की तुलना में 2025 में 22 सौ रजिस्ट्री कम, इसलिए आय भी 314 करोड़ कम

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

रायपुर पंजीयन कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 में रजिस्ट्री के साथ आय में भारी गिरावट आई है। विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार रायपुर में इस बार सालभर में लगभग 38 हजार रजिस्ट्री हुई है, जिससे कुल आय लगभग 387 करोड़ रुपए की हुई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 40 हजार के करीब रजिस्ट्री हुई थी, वहीं कुल आय 701 करोड़ रुपए से अधिक हुई थी। इस तरह इस बार रजिस्ट्री में लगभग दो हजार की गिरावट आई है,



जिससे आय भी लगभग 314 करोड़ रुपए कम हुई है। विभागीय सूत्रों की मानें तो रजिस्ट्री और आय कम होने की बड़ी वजह नई गाइड लाइन में जमीन की कीमतों में की गई वृद्धि तथा पंजीयन विभाग के नियमों में किए गए बदलाव हैं। पंजीयन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर में पिछले वित्तीय वर्ष 2024 की तुलना में 2025 में रजिस्ट्री तथा उससे पंजीयन शुल्क और मुद्रांक शुल्क में भारी गिरावट आई है। वर्ष 2025 में इस बार कुल 38 हजार के करीब रजिस्ट्री हुई है। इससे पंजीयन शुल्क लगभग 287 करोड़ रुपए तथा मुद्रांक शुल्क से लगभग 101 करोड़ रुपए की आय हुई है। इस तरह कुल 388 करोड़ रुपए के करीब आय हुई है, जबकि वित्तीय वर्ष 2024 में कुल 701 करोड़ रुपए की आय हुई थी।

### क्लोजिंग माह में भी 39 करोड़ रुपए की आय कम

नई गाइड लाइन की दरें और नियमों में किए गए बदलाव का असर मार्च के क्लोजिंग महीने में भी पड़ा है। मार्च महीने में इस बार लगभग साढ़े तीन हजार रजिस्ट्री हुई है, जिससे कुल आय लगभग 82 करोड़ रुपए की हुई है, वहीं वर्ष 2024 में साढ़े पांच हजार रजिस्ट्री हुई थी, जिससे कुल आय एक अरब 21 करोड़ रुपए से अधिक की हुई है। इस तरह इस बार मार्च में भी लगभग 39 करोड़ रुपए कम आय हुई है।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




## लाइव इवेंट

### माइनस 3 डिग्री तापमान में साइकिलिस्ट सुरेश दुआ ने साइकिल से फतह किया तवांग



**रायपुर।** इरादे अगर मजबूत हों तो मौसम की दुश्वारियां और ऊंचे पहाड़ भी रास्ता नहीं रोक सकते। इसे सच कर दिखाया है 'टूर दे रायपुर' और 'यूथ हॉस्टल रायपुर' के आजीवन सदस्य व एक्टिव साइक्लिस्ट सुरेश दुआ ने। उन्होंने हाल ही में अपनी साइकिल से तवांग (सेला पास) की बेहद चुनौतीपूर्ण यात्रा सफलतापूर्वक पूरी कर प्रदेश का मान बढ़ाया है। यह यात्रा 'यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया' की ओर से आयोजित की गई थी। सुरेश दुआ ने अपनी यह यात्रा 17 मार्च 2026 को भालुकपोंग (समुद्र तल से 700 फीट) से शुरू की थी और 6 दिन की कड़ी मेहनत के बाद वे तवांग पहुंचे। अपने 6 दिनों के सफर में उन्होंने पहले दिन भालुकपोंग से जमीरी (2000 फीट) तक 42 किलोमीटर, दूसरे दिन जमीरी से बोमडिला (8500 फीट) तक 40 किलोमीटर और तीसरे दिन बोमडिला से दिरांग (5300 फीट) तक 50 किलोमीटर की दूरी तय की। इसके बाद चौथे दिन दिरांग से सेंगे (10000 फीट) तक 36 किलोमीटर, पांचवें दिन सेंगे से सेला पास (13700 फीट) होते हुए जंग तक 63 किलोमीटर और आखिरी दिन जंग से तवांग (10000 फीट) तक करीब 40 किलोमीटर का रोमांचक सफर तय किया।

#### पल-पल बदलता रहा मौसम

इस पूरी यात्रा में मौसम का मिजाज पल-पल बदलता रहा। शुरुआती दिनों में उन्हें घने कोहरे और बारिश का सामना करना पड़ा। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ी, ऊंचाई के साथ मौसम ने भी करवट ली। सेला पास पहुंचते-पहुंचते पूरा इलाका बर्फ से ढंक गया। सड़क के दोनों ओर बर्फ की चादरें बिछी थीं, स्नोफॉल हो रहा था और तापमान गिरकर माइनस (-3) डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। रास्ते में खड़ी चढ़ाई और इस तरह के हाड़ कंपा देने वाले मौसम में साइकिल चलाना लगभग नामुमकिन सा था, लेकिन सुरेश दुआ ने अपने मजबूत हौसले से इस कठिन मौसम को भी मात दी और अपनी यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की। एनआईटी रायपुर में कार्यरत सुरेश दुआ रोजाना साइकिल चलाते हैं। इससे पहले जुलाई 2025 में उन्होंने लेह से उमलिंग ला (विश्व का सबसे ऊंचा मोटरेबल पास) तक की साइकिल यात्रा भी पूरी की थी।

## सिटी इवेंट

### वेडिंग सीजन में दुल्हन को भा रहे लहंगे से मैंचिंग वाले डिजाइनर्स दुपट्टे



**रायपुर।** वेडिंग सीजन को खास बनाने के लिए बाजारों में जहां वेरायटी की भरमार है। इसमें लोग भी किसी तरह की कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस बार कोलकाता, दिल्ली, सूरत, मुंबई में तैयार किए गए जोर्जेट, ऑरगेंजा के ब्राइडल दुपट्टे दुल्हनों को आकर्षित कर रहा है। जहां कारीगर अपने हुनर से हैंडवर्क करके डिजाइनर्स दुपट्टे तैयार कर रहे हैं। वहीं, इसमें लाइट और हैवी वर्क भी करवाने में लोग रुचि ले रहे हैं, जो दुल्हन को अपने लहंगे से मेंचिंग डिजाइन और कलर का खरीदना पसंद हैं। शहर के चर्चित दुकानों में इनकी पूछ-परख बढ़ गई हैं। इनमें कस्टमाइज दुपट्टा लोगों की डिमांड के लिहाज से अब तैयार भी किया जा रहा है। बजट और पसंद के साथ एक ही कलेक्शन और डिजाइन में आकर्षक एंट्री दुपट्टा और ब्राइडल दुपट्टे दुल्हन के लिए मिल रहे हैं। इसके लिए लोग मुंहमांगी कीमत देने के बाद भी अलग से डिजाइनर्स लुक के लिए खर्च करने लगे हैं। अब तो जयमाला के लिए सजाए जाने वाले स्टेज के कलर से कनेक्ट करने वाले दुपट्टे थामने के लिए 20 से 30 हजार रुपए खर्च किया जाने लगा है। इस संदर्भ में अशोक अग्रवाल, सुनील आहूजा और दिनेश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि जरूरत के लिहाज से कस्टमाइज भी करवाते हैं।



#### रंग-बिरंगे धागों से दुपट्टे पर फूलों का क्रेज

खड्डी जोर्जेट से तैयार बंधेज वर्क दुपट्टे को पसंद करने वाले ज्यादा हैं। इसे कोलकाता, दिल्ली और मुंबई के कारीगरों द्वारा तैयार किया जाता है। हैंड वर्क और कस्टमाइज दुपट्टे पर खास वर्क और डिजाइन भी तैयार किया जाने लगा है। इसमें मीना कारी, मोती और जरदोजी वर्क दुल्हन को पसंद आ रहा है। साथ ही दुपट्टे के बॉडर में रंग-बिरंगे धागों की मदद से फूल भी बनाया जाने लगा है। यह दुपट्टा वेडिंग सीजन में सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है। इसकी कीमत लगभग 7 हजार रुपए तय की गई।

**- इस सीजन में दुपट्टे की पूछ-परख ज्यादा**

कपड़ा व्यापारियों ने बताया कि शहर में इस वेडिंग सीजन में ट्रेल दुपट्टा अधिक डिमांड में है, जिसे आर्डर पर करीब 3-4 मीटर लंबा तैयार किया जाने लगा है।

#### डिजाइनर हैंडवर्क दुपट्टा दुल्हन की पसंद

व्यापारियों ने बताया कि दुकान में सूरत और कोलकाता से दुपट्टा मंगाया जाता है, जो लाइट वेट में हैवी वर्क के साथ तैयार किया जा रहा है। वेडिंग सीजन में दुल्हन के लिए 2-3 हजार में ही 10-15 से अधिक डिजाइन का डिजाइनर दुपट्टे दुकानों में मंगाए जाते हैं। इसमें जरी वर्क और स्टोन ब्राइड की पहली पसंद बनी हुई है। कुछ लोग दुपट्टा लेने के बाद कारीगरों से अपनी पसंद से डिजाइन भी करवाने लगे हैं। सामान्य रेंज में दुपट्टे को लेने वाले ज्यादातर लोग डिजाइनर्स की मदद से उसे खास लुक देने की पहल करते हैं। इससे दुल्हन को कई विकल्प मिलने लगे हैं। इससे अब वे जयमाला के लिए तय परिधान के अनुरूप दुपट्टे को डिजाइन करवा रही हैं।

---

## हनुमान जयंती पर पूजा-पाठ से बना भक्तिमय माहौल, जगह-जगह हुए धार्मिक आयोजन

# मंदिरों में दिनभर गूंजी सुंदरकांड की चौपाइयां भंडारों में महाप्रसाद पाकर तृप्त हुए श्रद्धालु

श्रीगुरु चरन सरोज रज, निज मनु मुकुरु सुधारि, बरनऊं रघुबर बिमल जसु, जो दायकु फल चारि, बुद्धिहीन तनु जानिके, सुमिरौं पवन-कुमार...और रघुपति कर संदेसु अब सुनु जननी धरि धीर, अस कहि कपि गद गद भयउ भरे बिलोचन नीर...गुरुवार को हनुमान जयंती पर शहरभर के हनुमान मंदिरों में संगीतमय हनुमान चालीसा और सुंदरकांड पाठ की गूंज रही। वहीं भक्तों ने धुमाल-बैंड और आतिशबाजी के साथ जगह-जगह प्रसाद वितरित कर हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से भक्तिमय माहौल में मनाया।







**रायपुर।** शहर के प्रत्येक हनुमान मंदिर में भव्य सजावट, विशेष श्रृंगार, भोग-प्रसाद, अभिषेक, हवन-पूजन, दर्शन करने भक्तों का सुबह से देर रात तक तांता लगा रहा। शहर के सालासर बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर 551 किलो का लड्डुओं का भोग सालासर बालाजी में लगाया गया। वहीं हनुमानजी के प्रिय फलों को पूरे मंदिर प्रांगण में सजाया गया। सुबह दुग्धाभिषेक, सवामणि भोग, संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड, महाआरती, सुंदरकांड का पाठ पं. प्रेमप्रकाश दुबेजी मुंबई एवं सीता रसोई कार्यक्रम आयोजित हुए। सालासर बालाजी मंदिर के अध्यक्ष सुरेश गोयल, कार्यक्रम प्रभारी ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, प्रचार-प्रसार प्रभारी कर्तव्य अग्रवाल ने बताया कि शाम 7.30 बजे से सुंदरकांड का पाठ पं. प्रेमप्रकाश दुबेजी मुंबई के श्रीमुख से प्रस्तुत हुआ। 6 हजार भक्तों की प्रसादी व्यवस्था सीता रसोई में रात्रि 8 बजे से की गई।

### जन्मोत्सव पर सर्वधर्म हनुमान मंदिर की महाआरती में राज्यपाल हुए शामिल

रेलवे स्टेशन परिसर स्थित सर्वधर्म संकटमोचन मंदिर में गुरुवार को जन्मोत्सव मनाया गया। समिति के अध्यक्ष राजकुमार राठी, संरक्षक कमलेश तिवारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने हनुमानजी की महाआरती कर छत्तीसगढ़ की जनता की सुख-समृद्धि की कामना की। हनुमानजी का अभिषेक एवं श्रृंगार कर दोपहर 12 बजे महाआरती की गई। तत्पश्चात 1 बजे से प्रसादी वितरण प्रारंभ किया, जिसमें 10 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। महाआरती में प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, सुनील सोनी, अनुज शर्मा, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, नंदकुमार साहू, राजकमल सिंघानिया, कुलदीप जुनेजा, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, वर्णिका शर्मा, भाजपा प्रदेश मंत्री अमित साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष विभा अवस्थी, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश थौरानी, समाजसेवी महेंद्र बगड़िया, जिला अध्यक्ष कृतिका जैन, एमआईसी सदस्य डॉ. अनामिका सिंह, पार्षद रोहित साहू, संतोष साहू, प्रभा विश्वकर्मा, जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे सहित मंदिर समिति के विजय माहेश्वरी, महेंद्र सिंघानिया, रवि राठी, पवन मोहता, सुब्रत घोष,अंकित राठी, अनुराग चौधरी, गोविंद शर्मा, तुषार पांडेय, वैभव अवस्थी सहित सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित थे।

### राधाकृष्ण मंदिर में 108 बार चालीसा का अखंड पाठ

हनुमान जयंती के अवसर पर गुरुवार को संजय नगर स्थित राधाकृष्ण मंदिर में श्री हनुमान चालीसा का 108 बार अखंड पाठ किया गया। इस धार्मिक आयोजन में छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति का माहौल बना रहा और श्रद्धालु पूरी तरह भक्तिरस में सराबोर नजर आए। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। अखंड पाठ के समापन के पश्चात महाभंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।



### हनुमान जी का जीवन प्रेरणादयक : सीएम



हनुमान जयंती के पावन अवसर स्टेशन चौक स्थित नर्मदा कुंद राम-जानकी मंदिर में आयोजित श्री हनुमान उत्सव एवं श्रीराम कथा में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्ण देव साय शामिल होकर दर्शन पूजन किए। मुख्यमत्री साय ने कहा कि प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।

### गुढ़ियारी हनुमान मंदिर में भव्य भोग-भंडारा



गुढ़ियारी पड़ाव हनुमान मंदिर से सुबह 8 बजे भव्य शोभायात्रा निकली। वहीं सुबह 10.30 बजे अभिषेक, दोपहर 12 बजे महाआरती और शाम 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक भंडारे का आयोजन किया गया। यह जानकारी आयोजन समिति के सदस्य विकास सेठिया ने देते हुए बताया कि जयंती को लेकर भक्तों में बेहद उत्साह का माहौल रहा।

### हिंदू बजरंग सेना ने निकाली विशाल शोभायात्रा



हिंदू बजरंग सेना रायपुर द्वारा भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव पर्व पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। नंदी चौक से भक्तों ने हनुमानजी की मूर्ति रथ में स्थापित कर पूजा-अर्चना कर भव्य विशाल शोभायात्रा निकाली। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### राठौर चौक हनुमान मंदिर से निकली शोभायात्रा

राठौर चौक हनुमान मंदिर में दिनभर महाआरती, दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। वहीं शाम को भोग-भंडार के बाद रथ सजाकर हनुमानजी की प्रतिमा को स्थापित कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में बड़े, बच्चे, महिलाएं, श्रद्धालु शामिल हुए। धुमाल-बैंड के साथ निकली शोभायात्रा का स्वागत पुष्पवर्षा और भव्य आतिशबाजी के साथ हुआ।



### श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हवन-पूजन

स्वामी विवेकानंद आश्रम के सामने रामकुंड स्थित श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में जय बाबा पंचानन शिव परिवार द्वारा गुरुवार को शाम 4 बजे हनुमानजी का जन्मोत्सव व हवन में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी आचार्य वेदप्रकाश पांडेय ने बताया कि 3 को शाम 4 बजे भव्य भोग भंडारे का आयोजन भी होगा।

### इन हनुमान मंदिरों में उमड़ा सैलाब

रेलवे स्टेशन चौक स्थित हनुमान मंदिर, संजय नगर स्थित हनुमान मंदिर, दूधाधारी मठ स्थित हनुमान मंदिर, पुरानी बस्ती हनुमान मंदिर, पचपेड़ी नाका चौक हनुमान मंदिर, संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर बुढ़ेश्वर चौक, सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर सिद्धार्थ चौक पर हनुमानजी के दर्शन-पूजन और प्रसाद प्राप्त करने भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा।

### जीवन विहार कॉलोनी में महाभंडारा

जीवन विहार कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर में महाभंडारे का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन एक प्रयास सामाजिक सेवा संस्था द्वारा श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन-पूजन से हुई, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। वातावरण भक्तिमय हो उठा और जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। इस अवसर पर सत्तू सिंह, ओमप्रकाश सेन, बिसु, अशोक, दीपक, रिंटू सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### बुढ़ेश्वर चौक पर धूमधाम से मनाया वीर हनुमान जन्मोत्सव



बुढ़ेश्वर चौक स्थित श्री संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भव्य श्रृंगार, विशेष अभिषेक और महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया। सुबह से ही हनुमानजी के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। मंदिर के पुजारी पं. राजेश शर्मा ने बताया कि मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ और सुंदरकांड का आयोजन किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए विशेष भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसाद ग्रहण करने के लिए लंबी कतारें लगीं। रायपुर के विभिन्न हिस्सों से भक्त संकटमोचन के दर्शन और आशीर्वाद लेने पहुंचे। यह महोत्सव हनुमानजी के प्रति लोगों की गहरी आस्था को दर्शाता है।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद एथलेटिक स्टेडियम कोटा में खेले गए महिला फुटबॉल के फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ और झारखंड के बीच रोमांचक और कांटे की टक्कर देखने को मिली। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने मजबूत खेल का प्रदर्शन किया। पहले हॉफ की समाप्ति तक दोनों टीमें 0-0 की बराबरी पर रहीं। दोनों पक्षों के खिलाड़ियों ने शानदार रक्षा और आक्रमण का प्रदर्शन करते हुए मुकाबले को बेहद रोमांचक बनाए रखा।

प्रतियोगिता में ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ और मिजोरम के कई खिलाड़ियों ने टैलेंट स्काउट्स का ध्यान खींचा

# किरण के गोल से छग की महिला फुटबॉल टीम बनी गोल्डन चैंपियन, खेलो इंडिया गेम्स का आज समापन

**रायपुर।** दूसरे हॉफ में छत्तीसगढ़ की टीम ने आक्रामक खेल दिखाते हुए छत्तीसगढ़ की कप्तान किरण पिस्दा ने एक महत्वपूर्ण गोल किया और 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद टीम ने अपनी इस बढ़त को अंत तक बनाए रखा। अंततः छत्तीसगढ़ टीम ने झारखंड को 1-0 से हराकर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।

## एथलेटिक्स के रिले में छत्तीसगढ़ को रजत

क्रीड़ा परिसर में एथलेटिक्स के अंतिम दिन सोरेन के अलावा कर्नाटक की रीथुश्री और नागिनी ने भी अपने-अपने दूसरे स्वर्ण पदक जीते। सोरेन, जो मंगलवार को इन खेलों के सबसे तेज धावक बने थे, ने 21.51 सेकंड के समय के साथ 200 मीटर का स्वर्ण जीता। इससे पहले रीथुश्री ने 25.87 सेकंड में 200 मीटर जीतकर 400 मीटर के बाद दूसरा स्वर्ण हासिल किया। वहीं नागिनी ने 4:43.87 सेकंड के समय के साथ 800 मीटर और 1500 मीटर दोनों में जीत दर्ज कर डबल पूरा किया। मेजबान छत्तीसगढ़ ने पुरुषों की 4x400 मीटर रिले में ओडिशा के बाद दूसरे स्थान पर रहकर रजत पदक जीता। ओडिशा ने 3.18.47 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण जीता, जबकि छत्तीसगढ़ ने 3.19.26 सेकंड में दौड़ पूरी की। झारखंड (3.19.62 सेकंड) को कांस्य मिला। इससे पहले मनीष कुमार ने पुरुषों की 1500 मीटर फाइनल में 4.01.50 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ की झोली भरी। इस स्पर्धा का स्वर्ण झारखंड के राहुल उरांव (4.01.18 सेकंड) ने जीता, जबकि महाराष्ट्र के कार्तिक करिहारपाल (4.01.23 सेकंड) को रजत पदक मिला।







## किसी भी पोजीशन पर खेलने की क्षमता उनकी सबसे बड़ी ताकत

महिला फुटबॉल के फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ को गोल्ड मिला, जिसके पीछे 24 साल की उम्र में किरण की महत्वपूर्ण भूमिका रही। 24 साल की उम्र में किरण अपने खेल कौशल के शिखर पर नजर आती हैं। वह यूरोप में लीग फुटबॉल खेल चुकी हैं और अब बड़े अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट्स के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की दहलीज पर हैं। उनका यह सफर बिल्कुल आसान नहीं रहा, भले ही उन्हें स्कूल और परिवार से शुरुआती समर्थन मिला। उनके भाई गिरीश पिस्दा खुद राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं, जो उनके लिए प्रेरणा बने। उन्होंने बताया कि मुझे स्कूल में काफी सपोर्ट मिला। वहीं से मुझे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के मौके मिले और हर चयन के साथ मेरा आत्मविश्वास बढ़ता गया। इसके बाद किरण शारीरिक शिक्षा में डिग्री हासिल करने के लिए रायपुर आईं। छत्तीसगढ़ महिला लीग के दौरान उन्होंने चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा और उन्हें राष्ट्रीय शिविर के लिए बुलावा मिला। किरण बताती हैं, उस समय मैं शारीरिक रूप से उतनी फिट नहीं थी और मेरा मानसिक स्तर भी सीनियर खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार नहीं था। यही कारण रहा कि उस राष्ट्रीय शिविर में भारतीय टीम के लिए चयन नहीं हुआ। वह कहती हैं, मुझे एहसास हुआ कि वहां जो अनुभव मिला है, उस पर मुझे काम करना होगा। इसके बाद उनके जीवन में आत्म-सुधार का एक कठिन दौर शुरू हुआ। उन्होंने अपनी फिटनेस पर काम किया, मैचों का विश्लेषण करना शुरू किया और अपनी पोजिशनल समझ को बेहतर बनाया, लेकिन सबसे बड़ा बदलाव उनकी मानसिकता में आया। मैंने खुद से कहा कि चाहे कुछ भी हो जाए, मैं नकारात्मक नहीं सोचूंगी। अगर आप नकारात्मक हो जाते हैं तो उसका सीधा असर आपके प्रदर्शन पर पड़ता है।



## कुश्ती सीखने के लिए स्वीमिंग पूल में जॉब

असम की महिला पहलवान देबी डायमारी की कहानी बाधाओं को पार करने की इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। आखिरकार देबी को उन सभी प्रयासों का फल तब मिला, जब उन्होंने यहां 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' में महिलाओं की 62 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता। असम के गोलाघाट जिले के सिसुपानी स्थित दिनेशपुर गांव की रहने वाली 28 वर्षीय देबी ने सात साल की उम्र में ही अपने माता-पिता को खो दिया था। इसके बाद उन्हें अपने चाचा-चाची के साथ रहना पड़ा और आर्थिक तंगी के चलते अपनी ट्रेनिंग जारी रखने के लिए उन्हें छोटे-मोटे काम भी करने पड़े। बोडो ट्राइब से आने वाली देबी कहती हैं, इस पदक के पीछे मेरी कड़ी मेहनत है। मैंने चार साल पहले ही 2022 में गोलाघाट जिले के बोकाखात में काजीरंगा के बगल में खेलो इंडिया सेंटर में कुश्ती शुरू की थी। इसमें प्रैक्टिस करने के लिए मुझे सेंटर के आसपास रूम लेकर रहना पड़ा। रूम का 1000 रुपए किराया देने के लिए मेरे पास पैसे नहीं थे, इसलिए मुझे एक साल तक पार्ट टाइम जॉब भी करना पड़ा। पहले तो मुझे 2022 में 2500 रुपए मासिक वेतन पर ईजी बाजार (बोकाखात) स्टोर में काम करना पड़ा और फिर 2023 में काजीरंगा में स्थित बोन विला रिसॉर्ट में करीब 7000 रुपए के मासिक वेतन पर जॉब करना पड़ा। वहां पर मैं स्वीमिंग पूल की देखभाल और सफाई करती थी।

## कर्नाटक 23 स्वर्ण जीतकर टॉप पर

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के पहले संस्करण के समापन में अब सिर्फ एक दिन शेष है और मेजबान छत्तीसगढ़ तीन स्वर्ण, नौ रजत और छह कांस्य पदकों के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गया है। कर्नाटक की रीथुश्री और नागिनी के दो स्वर्ण पदक जोड़ने के साथ तालिका में शीर्ष पर काबिज राज्य के खाते में अब 23 स्वर्ण, आठ रजत और सात कांस्य पदक हो गए हैं। ओडिशा 20 स्वर्ण, 13 रजत और 21 कांस्य पदकों के साथ दूसरे स्थान पर बना हुआ है, जबकि झारखंड ने एथलेटिक्स में चार और तीरंदाजी में एक स्वर्ण जीतकर अपना कुल बढ़ाकर 14 स्वर्ण, सात रजत और 11 कांस्य कर लिए हैं।

**सिटी लाइव**

## यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने जीके टीएमटी ने दिए 50 ट्रैफिक बैरिकेड्स



**रायपुर।** यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रसिद्ध स्टील ब्रांड 'जीके टीएमटी' ने एक अहम कदम उठाया है। कंपनी ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत रायपुर ट्रैफिक पुलिस को महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है। इस विशेष पहल के तहत जीके टीएमटी द्वारा रायपुर ट्रैफिक विभाग को 50 ट्रैफिक बैरिकेड्स उपलब्ध कराए गए हैं। इसके साथ ही यातायात जागरूकता बढ़ाने के लिए शहर के प्रमुख स्थानों पर 2 यूनिपोल भी स्थापित किए गए हैं। यह पूरा कार्य रायपुर ट्रैफिक विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर, ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। सड़क सुरक्षा और नागरिकों की भलाई मुख्य उद्देश्य इस पहल का मुख्य उद्देश्य शहर के व्यस्त मार्गों पर यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम बनाना और सड़क सुरक्षा मानकों को मजबूत करना है।

## एग्जाम से 'फ्री' हुए बच्चे, तालाब किनारे बेफिक्र शाम



**रायपुर।** परीक्षाओं का तनाव पीछे छोड़, बच्चे अब बेफिक्र हैं। तालाब के शांत किनारे पर डूबते सूरज के साथ उनका खेल और हंसी, बचपन की सादगी और निश्छल खुशियों का एक यह दिलकश नजारा है।

## अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 तक

**रायपुर।** भारतीय थल सेना (अग्निवीर) में भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र युवाओं से 10 अप्रैल 2026 तक ऑनलाईन आवेदन मंगाये गये है। पुरूष अभ्यर्थी जनरल, तकनीकी, लिपिक, स्टोरकीपर, ट्रेडमैन एवं महिला अभ्यर्थी सेना पुलिस तथा स्थायी कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के लिए आवेदन कर सकती हैं। आयु सीमा 17.5 से 22 वर्ष एवं आवेदन शुल्क 250 रूपए निर्धारित किया गया है। आवेदन वेबसाईट **www.joinindianarmy.nic.in** पर जाकर किये जा सकते है। ऑनलाइन कॉमन एंट्रेस एग्जाम (सीईई) 1 जून से 10 जून 2026 तक होने की संभावना है। विस्तृत जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय नवा रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212, 2965214 एवं जिला रोजगार कार्यालय से भी संपर्क किया जा सकता है। कलेक्टर ने जिले के युवाओं से अग्निवीर भर्ती में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### कॉन्स्टेबल के पदों पर रजिस्ट्रेशन शुरू, दसवीं पास युवाओं के लिए मौका

सरकारी नौकरी करने का सपना देखने वाले युवाओं के लिए एक खुशखबरी है। दरअसल भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ने कॉन्स्टेबल (बार्बर) और कॉन्स्टेबल (वॉशरमैन) के पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। जो उम्मीदवार में इन पदों पर नौकरी करना चाहते हैं, उनके पास आवेदन करने का यह एक बेहतरीन मौका है। इन पदों पर आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार 28 अप्रैल, 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। कॉन्स्टेबल (बार्बर) और कॉन्स्टेबल (वाशरमैन) के पदों पर चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह 19,900 रुपये से लेकर 63,200 रुपये प्रदान किए जाएंगे। इन पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 23 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके अलावा, आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी।

**समाज इवेंट**

## सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में दादागुरुदेव पूजन में उमड़ी भक्तों की आस्था



**रायपुर।** श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में गुरुवार को चैत्री पूनम के अवसर पर पूजा का आयोजन किया गया। इसमें शहरभर से बड़ी संख्या में भक्त शामिल होकर दादागुरुदेव की आराधना किए। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेंद्र कोचर ने बताया कि जैन धर्म में चैत्र पूर्णिमा का विशेष महत्व है, इस दिन 5 करोड़ मुनि भगवंत के साथ श्री पुंडरीक स्वामी ने मोक्ष प्राप्त किया था, इसलिए श्री शत्रुंजय का नाम पुंडरीक गिरी के रूप में विख्यात हुए। उन्होंने आगे बताया कि सुबह से ही श्रद्धालुओं ने नवपद ओलीजी की आराधना की। चैत्री पूनम की विधि-विधान के साथ पूजन चैत्यवंदन पश्चात दादागुरुदेव की पूजा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। वर्धमान चोपड़ा, निर्मल पारख , दीप्ति बैद, मंजू कोठारी, विवेक बैद ने भगवान महावीर जन्मकल्याणक पर बाजे क्षत्रियकुण्ड में बधाई की वीर जन्मे महावीर जन्मे के भजन से भक्तों को भावविभोर कर दिया।

### 12 को सत्तर भेदी पूजन के साथ विविध आयोजन

ट्रस्टी नीलेश गोलछा व टीकम जैन ने बताया कि आगामी वैसाख वदी दशमी 12 अप्रैल को श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी का अष्टम ध्वजारोहण महोत्सव मनाया जाएगा। ट्रस्टी जय सांखला व डॉ. योगेश बंगानी ने कहा कि ध्वजा के अवसर पर पंच दिवसीय कार्यक्रम होंगे, जिसमें तीन दिवसीय जैन धार्मिक शिक्षण शिविर 9 से 11 अप्रैल तक होगा। जिसमें सुबह 9 से 11 बजे का सत्र महिलाओं के लिए व दोपहर 3 से 5 बजे का सत्र बच्चों के लिए रखा गया है। मंदिर में 12 अप्रैल को सत्तर भेदी पूजन रखी गई है। विधिकारक विमल गोलछा होंगे। सीमंधर स्वामी मंदिर व दादाबाड़ी में नवीन ध्वजा फहराई जाएगी। आरंभ में मूक पशु-पक्षियों की सेवा व मानव सेवा प्रकल्प जयपुर पैर वितरण किया जाएगा।

कृषि विवि में 8वें कोहोर्ट के लिए 300 एग्री स्टार्टअप्स के आवेदन मिले

# कृषि क्षेत्र में नवाचार करने वाले किसान, उद्यमी और छात्रों के लिए आईजीकेवी में स्पेशल ट्रेनिंग क्लासेस

**कार्नर न्यूज**

*इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय कृषि क्षेत्र में नवाचार करने वाले किसान, उद्यमी और छात्रों को प्रशिक्षित करेगा। इसके लिए प्रदेशभर से 300 से अधिक नवाचारी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण सत्र में भाग लेने के लिए आवेदन प्रस्तुत किए हैं। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित आरकेवीवाय रफ्तार एग्री-बिजनेस इन्क्यूबेटर कोहोर्ट का 8 वां सीजन मई महीने से शुरू होने जा रहा है। इसमें एग्री स्टार्टअप्स, विषय विशेषज्ञों से अपने नवाचारों के संबंध में सुधार और प्रयोग के तकनीकी बारीकियां समझेंगे, साथ ही उसे और अधिक परफेक्ट बनाएंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी आईजीकेवी राबी प्रो. हुलास पाठक ने बताया कि इस कोहोर्ट के अंतर्गत तीन प्रमुख श्रेणियों में आवेदन आमंत्रित किए गए है। इसमें पहला अभिनव प्री-सीड चरण के स्टार्टअप्स के लिए अनुदान सहायता-5 लाख रुपए, दूसरा उद्भव सीड चरण के स्टार्टअप्स के लिए अनुदान सहायता 25 लाख रुपए, तीसरी श्रेणी में तेजस छात्र उद्यमियों के लिए अनुदान सहायता 4 लाख रुपए तक रखा गया है।*



### अब तक 350 से अधिक एग्री स्टार्टअप्स को प्रशिक्षण

उल्लेखनीय है कि आईजीकेवी आर एबीआई, रायपुर द्वारा अब तक 350 से अधिक एग्री स्टार्टअप्स का सफलतापूर्वक इन्क्यूबेशन किया जा चुका है, जिनमें से 130 स्टार्टअप्स को मंत्रालय से वित्तीय सहायता के लिए सकारात्मक अनुशंसा प्राप्त हुई है। इन स्टार्टअप्स ने अपने नवाचारी उत्पादों एवं सेवाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ सहित देशभर के स्टार्टअप इकोसिस्टम पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, साथ ही रोजगार सृजन एवं राजस्व वृद्धि में योगदान देकर देश की अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ किया है।

**रायपुर।** यह पहल कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने और उद्यमिता को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह योजना भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली के सहयोग से संचालित है। आवेदनों का विशेषज्ञ समिति द्वारा मूल्यांकन कर चयनित स्टार्टअप्स को अगले चरण में प्रवेश दिया जाएगा। चयनित स्टार्टअप्स को एक माह के इन्क्यूबेशन कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा, जिसमें उन्हें तकनीकी एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

### नवाचारी आइडियाज को 4 से 25 लाख तक का अनुदान

इसके पश्चात स्टार्टअप्स को अनुदान सहायता के लिए अंतिम पिचिंग का अवसर मिलेगा, जिसमें 4 लाख से 25 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। आईजीकेवी आर-एबीआई भविष्य में भी कृषि एवं संबंध क्षेत्रों में राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर नवाचार, उद्यमिता एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### कृषि के इन क्षेत्रों से आए नवाचार के लिए आवेदन

कोहोर्ट 8.0 के लिए कृषि मशीनीकरण एवं संबद्ध गतिविधियां, प्रिसिजन एग्रीकल्चर, सप्लाई चेन एवं एग्री-लॉजिस्टिक्स, पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन, फूड टेक्नोलॉजी एवं वैल्यू एडिशन, वेस्ट टू वेल्थ, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र, कृषि इनपुट एवं बायोटेक्नोलॉजी, प्राकृतिक ससाधन प्रबंधन तथा कृषि विस्तार एवं शिक्षा जैसे विविध क्षेत्रों से लगभग 300 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### महादेव घाट में वॉलीबॉल का महासंग्राम आज से



**रायपुर।** हटकेश्वरनाथ वॉलीबॉल संघ, रायपुर की ओर से 5वीं ऑल इंडिया वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2026 का आयोजन 3 से 5 अप्रैल तक महादेव घाट स्थित हटकेश्वरनाथ वॉलीबॉल ग्राउंड में किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन 3 अप्रैल, शुक्रवार को सुबह 10 बजे विधायक एवं पूर्व मंत्री राजेश मूणत के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस अवसर पर मनोज वर्मा, महेन्द्र औसर (पार्षद द्वय), मोहम्मद अकरम खान, अनुराग राठी संरक्षक, मंगलेस्वर सिंह,जितेन्द्र सिंह, मार्तंड सिंह सचिव, रमाकांत निषाद सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

प्रतियोगिता में मास्टर्स 40+ वर्ग के साथ ओपन गर्ल्स स्पर्धा भी होगी। मास्टर्स वर्ग में दुबई, उत्तर प्रदेश, केरल, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, ओडिशा, चंडीगढ़, कोरबा, रायपुर और मॉर्निंग क्लब की टीमें भाग लेंगी, जबकि महिला वर्ग में पुणे, हरियाणा, कोलकाता, दिल्ली, आगरा, एसएआई रायपुर और भिलाई की टीमें उतरेंगी।

आयोजकों के अनुसार, प्रतियोगिता में भाग लेने वाली कई टीमों में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध खिलाड़ी शामिल रहेंगे। मास्टर्स वर्ग में प्रथम पुरस्कार 71,000 रूपए, द्वितीय पुरस्कार 51,000 रूपए। ओपन गर्ल्स वर्ग में प्रथम पुरस्कार 31,000 रूपए तथा द्वितीय पुरस्कार 21,000 रूपए और शील्ड रखा गया है। आयोजन के बारे जानकारी अध्यक्ष सैयद अनवर अली ने दी है।

### संयुक्त टीम ने जीता फ्रैंड्स कप



**भिलाई।** बीएसपी फ्रेंड्स क्लब द्वारा आयोजित फ्रेंड्स कप प्रो सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच यू आर एम एवं टीएन डी की संयुक्त टीम और सीआईएसएफ के बीच हुआ। जिसमें संयुक्त टीम ने सीआईएसएफ की टीम को पांच विकेट से पराजित कर विजेता का खिताब हासिल किया। प्लेयर ऑफ द मैच मुकेश सिंह रहे। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में हुई प्रतियोगिता में टॉस यू आर एम एवं टीएनडी की संयुक्त टीम ने जीता एवं पहले क्षेत्र रक्षण करने का फैसला किया। बल्लेबाजी में सीआईएसएफ की टीम ने 111 रन बनाएं। संदीप तिवारी ने 74 रन, तेजा ने 8 रन एवं अविनाश राठौर ने नॉट आउट सात रन बनाएं। गेंदबाजी में विमल, वीरेंद्र एवं दीपक खिचरिया ने दो-दो विकेट लिए। जयप्रकाश आर्य एवं भीम मीणा ने एक-एक विकेट लिए। एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। बल्लेबाजी में यूआरएम एवं टीएनडी की संयुक्त टीम ने 5 विकेट पर 112 रन बनाकर फाइनल मैच 5 विकेट से जीत लिया। दीपक खिचरिया 33 रन बनाएं। वीरेंद्र ने नॉट आउट 24 रन और चंदन ने 21 रन बनाए। वहीं मुकेश सिंह ने नॉट आउट 19 रन बनाए। गेंदबाजी में तापस भंवरी ने दो विकेट एवं संदीप तिवारी, शिवा एवं तेजा ने एक-एक विकेट लिए। इस प्रतियोगिता के बेस्ट बैट्समैन संदीप तिवारी, बेस्ट बॉलर तापस बोहरी एवं प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट संदीप तिवारी रहे। फाइनल मैच एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित कुमार सिंह एवं सुग्रीव राव थे। जिन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। इस प्रतियोगिता के फाइनल मैच के अंपायर हरिशंकर यादव एवं विकास नेहरा, स्कोरर अनिल सिंह एवं मोहन तथा कमेंटेटर अभय सुधाकर मोहरिल थे। पारितोषिक वितरण कार्यक्रम का संचालन विनोद देवघरे ने किया।

### ग्रेपलिंग कमेटी की वार्षिक बैठक में हेमंत को मिली बड़ी जिम्मेदारी




**रायपुर।** भारतीय ग्रेपलिंग कमेटी की वार्षिक बैठक गुरुग्राम हरियाणा में आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ को बड़ी जिम्मेदारियां मिली। राज्य संघ के महासचिव के हेमंत कुमार को भारतीय ग्रेपलिंग कमेटी का प्रबंध संचालक चुना गया है। अंतरा सारथी भारतीय ग्रेपलिंग कमेटी की महिला तकनीकी डायरेक्टर और ख़ुशी तिवारी सहायक महिला तकनीकी डायरेक्टर बनाई गई है। भारतीय ग्रेपलिंग कमेटी के महासचिव बिरजू शर्मा एवं चेयरमैन दिनेश कपूर ने नए पदाधिकारियों को बधाई दी है। इस अवसर पर राज्य ग्रेपलिंग रेसलिंग के अध्यक्ष उमेश साहू, जॉइन्ट सेक्रेटरी मो रियाज खान, कोषाध्यक्ष चिंतामणि चक्रधारी और प्रबंध संचालक शैलेश दीक्षित आदि सभी ने हर्ष जताया है।

## जानिए ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम और हार्ट अटैक में अंतर

# नौजवानों में तेजी से पांव पसार रहा ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम बिल्कुल हार्ट अटैक जैसे इसके लक्षण से सचेत रहना जरूरी

ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम के लक्षण हार्ट अटैक जैसे होते हैं, इसलिए अक्सर लोगों को लग सकता है कि ये हार्ट अटैक है। दोनों ही स्थितियों में सांस फूलने और सीने में दर्द भी होता है। फिर इन दोनों में कैसे अंतर किया जा सकता है?

हृदय रोगों की समस्याएं सभी उम्र के लोगों में बढ़ती हुई देखी जा रही हैं, बच्चे भी इसका शिकार हो रहे हैं। हार्ट अटैक-हार्ट फेलियर जैसी दिक्कतों के बारे में तो हम सभी अक्सर सुनते-पढ़ते रहते हैं पर क्या आप ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम के बारे में जानते हैं? हाल के वर्षों में युवाओं में ये दिक्कत काफी तेजी से बढ़ी है। ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम भी क्या हृदय से संबंधित कोई दिक्कत है या फिर कुछ और, आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम आमतौर पर तनावपूर्ण स्थितियों और भावनाओं के उतार-चढ़ाव के कारण होती है। इसमें लोगों को अचानक सीने में दर्द हो सकता है या ऐसा लगता है जैसे हार्ट अटैक हुआ है। ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम को स्ट्रेस कार्डियोमायोपैथी या ताकोत्सुबो कार्डियोमायोपैथी के नाम से भी जाना जाता है। ये दिक्कत होती क्यों है और इससे कैसे बचाव किया जा सकता है, आइए जानते हैं।



### ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम के बारे में जानिए

ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम क्यों होता है अब तक इसके सटीक कारणों का पता नहीं चल पाया है। हालांकि माना जाता है कि कुछ स्थितियां जिनके कारण आपको गंभीर रूप से भावनात्मक क्षति होती है वे इसे बढ़ाने वाली हो सकती हैं। उदाहरण के लिए तलाक, कार दुर्घटना या नौकरी छूटने जैसी तनावपूर्ण घटनाएं इसका कारण बन सकती हैं।

### हार्ट अटैक की तरह होते हैं इसके लक्षण



ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम के लक्षण हार्ट अटैक से मिलते-जुलते होते हैं, यही कारण है आमतौर पर इसे हार्ट अटैक ही मान लिया जाता है। इसमें सीने में तेज दर्द हो सकता है, सांस फूलने या बेहोशी की समस्या हो सकती है। धड़कनें अनियमित या तेज हो सकती हैं। इसके साथ हाई ब्लड प्रेशर या लो ब्लड प्रेशर जैसे लक्षण भी नजर आ सकते हैं।

अगर आपके जीवन में कोई तनावपूर्ण घटना हुई है तो ये ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम को बढ़ा सकती है। असल में तनाव की स्थिति में स्ट्रेस हार्मोन का स्राव होता है जिससे आपके हृदय की मांसपेशियां अस्थायी रूप से अचेत हो सकती हैं, यही कारण है कि ये दिल के दौरे जैसा लगता है।

### ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम और हार्ट अटैक में क्या अंतर है?

अब सवाल उठता है कि जब ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम के लक्षण हार्ट अटैक जैसे होते हैं तो इन दोनों में क्या अंतर है? चूंकि ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम के लक्षण हार्ट अटैक जैसे होते हैं, इसलिए अक्सर लोगों को लग सकता है कि ये हार्ट अटैक है। दोनों ही स्थितियों में सांस फूलने और सीने



में दर्द भी होता है। लेकिन ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम में आपकी धमनियां अवरुद्ध नहीं होती हैं और आमतौर पर हृदय को कोई क्षति नहीं होती है। वहीं हार्ट अटैक तब होता है जब आपकी कोरोनरी आर्टरी ब्लॉक हो जाती हैं जिससे हृदय तक रक्त का संचार ठीक तरीके से नहीं हो पाता।

### ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम का क्या इलाज है?

ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम का कोई विशिष्ट इलाज नहीं है, लेकिन अधिकांश लोग दवा लेने के बाद पूरी तरह ठीक हो जाते हैं। हालांकि गंभीर बात ये है कि चूंकि इसके लक्षण हार्ट अटैक जैसे होते हैं और घर पर ये पता नहीं लगाया जा सकता है कि आपको हार्ट अटैक हुआ है या ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम, इसलिए समय रहते सही निदान के लिए डॉक्टर से जरूर मिलें। जैसे-जैसे तनाव की स्थिति कंट्रोल होती जाती है इसके लक्षण भी ठीक होने लगते हैं।



# पेट की चर्बी कम करने के लिए अपनाएं कुछ आसान तरीके

बैली फैट से आजकल अधिकतर लोग परेशान हैं। कई बार व्यक्ति शरीर से मोटा नहीं होता लेकिन उसका पेट बाहर निकला होता है। इस तरह के फैट को कम करने के लिए रात के समय कुछ विशेष एक्सरसाइज करने से फायदा हो सकता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे ही एक्सरसाइज के बारे में बताते हैं जो आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

**प्लैंक :** प्लैंक एक्सरसाइज पेट की मांसपेशियों को मजबूती देता है और खासतौर पर पेट के निचले हिस्से में जमा फैट को टार्गेट करता है। इसको करना बेहद आसान है। अपने शरीर को फर्श पर सीधा रखे और अपने पैरों के पंजों और कोहनी पर अपना वजन डालते हुए शरीर को सीधा और तानें रखें। अपने पेट को अंदर की ओर खींचे और इसे इस स्थिति में 20-30 सेकंड तक बनाए रखें। धीरे-धीरे समय बढ़ाएं जब तक आप 1-2 मिनट तक प्लैंक करने में सक्षम न हो जाएं।



**बाइसिकल क्रंचेस :** बाइसिकल क्रंचेस एक्सरसाइज पेट के दोनों हिस्सों को टोन करती है और बैली फैट को कम करने में मदद करती है। पीठ के बल लेट जाएं और दोनों पैरों को हवा में उठाएं, जैसे आप साइकिल चला रहे हों। अपने दाएं कोहनी को बाएं घुटने तक पहुंचाने की कोशिश करें, और फिर बाएं कोहनी को दाएं घुटने तक। इसे बारी-बारी से करें और कम से कम 15-20 बार रिपीट करें। **लेग रेज़ :** लेग रेज़ एक्सरसाइज पेट के निचले हिस्से को टोन करती है और विशेष रूप से पेट के निचले हिस्से में जमा फैट को कम करने में मदद करती है। इसको करने के लिए पीठ के बल लेट जाएं और दोनों पैरों को एक साथ

# घर की खूबसूरती के साथ, भीषण गर्मी में भी घर में ठंडक बनाए रखेंगे ये पौधे



दुनिया में कई प्रकार के पौधे पाए जाते हैं, लेकिन क्या आप जानते है उनमे से कुछ पौधे ऐसे होते हैं, जिनको घर के अंदर लगाने से आप गर्मी के दिनों में अपने घर को ठंडा रख सकते हैं।

### स्नेक प्लांट

स्नेक प्लांट को 'नेचुरल एयर प्यूरिफायर' भी कहा जाता है। यह पौधा हवा को नम और ठंडा रखने में मदद करने के साथ घर के अंदर की वायु शुद्ध कर तनाव को भी कम करता है। गर्मी के दिनों में अगर आप अपने घर को ठंडा रखना चाहते हैं, तो आप अपने घर में स्नेक प्लांट लगा सकते हैं।

### रबर प्लांट

रबर प्लांट का पौधा भी एक अच्छा एयर प्यूरीफायर है। यह पौधा वातावरण में तापमान को कम करने के साथ ऑक्सीजन को भी बढ़ाता है। रबर प्लांट घर के अंदर की हवा को शुद्ध करने के साथ घर की सुंदरता को भी बनाए रखता है।


### एरेका पाम

एरेका पाम एक खूबसूरत इनडोर प्लांट में से एक है। यह पौधा हवा में मौजूद कार्बन मोनोऑक्साइड, फॉर्मैल्डिहाइड, और अन्य हानिकारक तत्वों को सोख लेता है, जिससे हवा शुद्ध होती है और घर में ठंडक बनी रहती है।

### एलोवेरा प्लांट

औषधीय गुणों से भरपूर एलोवेरा प्लांट गर्मी के दिनों में हवा को शुद्ध करने के साथ घर को ठंडा करने का काम भी करता है। एलोवेरा हमारे शरीर के लिए भी कई तरह से फायदेमंद होता है, जैसे त्वचा को नमी प्रदान करना, बालों को मजबूत बनाना, पाचन में सुधार करना आदि।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## हैरी पॉटर सीरीज का ट्रेलर रिलीज, किरदारों की झलक के साथ मेकर्स ने दिया सरप्राइज



एचबीओ के नए टीवी सीरीज हैरी पॉटर का ट्रेलर बुधवार देर रात जारी किया गया। राइटर जेके रोलिंग की किताब पर आधारित एचबीओ का यह अडैप्टेशन हैरी पॉटर की असल फिल्म सीरीज के काफी अलग होगी। इसकी झलक के साथ ही मेकर्स ने फैंस को एक सरप्राइज भी दिया है। माना जा रहा था कि यह सीरीज अगले साल रिलीज होगी पर मेकर्स ने इस ट्रेलर के जरिए इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। मेकर्स ने साफ किया है कि यह सीरीज समय से पहले क्रिसमस 2026 पर रिलीज होगी।

एक और चौंकाने वाली बता यह है कि इस सीरीज का ऑफिशियल टाइटल सिर्फ 'हैरी पॉटर' नहीं बल्कि 'हैरी पॉटर एंड द फिलॉसफर्स स्टोन' है। ऐसे में फैंस उम्मीद जता रहे हैं कि यह इस टीवी सीरीज का सिर्फ पहला सीजन होगा। इसे फिल्म और नॉवेल की तरह ही कई पॉर्ट्स में रिलीज किया जाएगा। इस सीरीज के ट्रेलर में यंग हैरी और उसके दोस्त हरमाइनी ग्रेंजर व रॉन वीज्ली को हॉगवर्ट्स में अपने पहले साल में दिखाया गया है। ट्रेलर के कुछ सीन से यह तो साफ है मेकर्स ने फिल्म को सीन-ब-सीन कॉपी न करते हुए और डिटेल में कहानी बयां की है। जिस तरह किताब में जिक्र है कि हैरी पॉटर की आंटी पेटुनिया डर्सली उसके बाल काट देती हैं, ठीक वैसा ही ट्रेलर में दिखाया गया है। इसके अलावा भी लगता है कि इस सीरीज की कहानी फिल्म से काफी अलग होने वाली है। शो में यंग हैरी का किरदार डोमिनिक मैकलॉघलिन निभाते नजर आएंगे। वहीं उसके दोस्त रॉन वीज्ली के रोल में एलेस्टेयर स्टाउट नजर आएंगे और हरमाइनी ग्रेंजर का किरदार अराबेला स्टैंटन निभाती दिखेंगी।

### टॉलीवुड

## फिल्मों में डेब्यू को तैयार मोहनलाल की बेटी,पिता ने दी शुभकामनाएं



मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल ने अपनी बेटी विस्मया को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपनी बेटी की फिल्मों में शुरुआत को लेकर खुशी जताई है। उन्होंने बेटी की मेहनत की भी जमकर सराहना की है।

मोहनलाल ने इंस्टाग्राम पर बेटी विस्मया की एक तस्वीर साझा करते हुए जन्मदिन की और नई शुरुआत करने के लिए शुभकामनाएं दी हैं। एक्टर ने लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो मेरी प्यारी मायाकुट्टी। यह साल एक खूबसूरत नई शुरुआत लेकर आया है। नए सपने साकार हो रहे हैं और सिनेमा की दुनिया में तुम्हारा सफर आगे बढ़ रहा है। मुझे तुम पर बहुत गर्व है कि तुम हर काम में अपना जुनून और साहस दिखाती हो। उम्मीद है कि यह साल दुनिया को तुम्हारी चमक से भर दे।' विस्मया 'थुडक्कम' से फिल्मों में अपनी शुरुआत कर रही हैं। थुडक्कम की शूटिंग फरवरी 2026 में थोडुपुझा में पूरी हो चुकी है। फिल्म का निर्देशन जूड एंथनी जोसेफ ने किया है। फिल्म में मोहनलाल की बेटी के साथ निर्माता एंटनी पेरुंबवूर के बेटे आशीष एंटनी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। जबकि फिल्म में मोहनलाल का भी कैमियो होने की उम्मीद है। फिल्म के इस साल ओणम के समय रिलीज होने की संभावना है।

मोहनलाल और उनकी पत्नी सुचित्रा मोहनलाल के दो बच्चे हैं: एक बेटा, प्रणव और बेटी विस्मया। प्रणव भी फिल्मों में हैं, उन्होंने 'डाइस इराए' में अपनी भूमिका के लिए पहचान हासिल की। अब विस्मया भी पिता और भाई के नक्शेकदम पर आगे बढ़ रही हैं। विस्मया अभी तक एक लेखिका, कुशल कलाकार और प्रशिक्षित मार्शल आर्टिस्ट के रूप में अपनी पहचान बना चुकी हैं।

### भोजपुरी

## खेसारी और शिल्पी का हिट गाना, 81 लाख व्यूज धड़ाधड़ पार



खेसारी और शिल्पी राज का एक गाना 'राते भर में' खूब वायरल हुआ और ये अभी भी ट्रेंड में है। अपने नए गाने से इंटरनेट पर धूम मचाने वाले खेसारी लाल यादव एक बार फिर हिट गाना लेकर आए हैं, जिसमें अपनी जादुई आवाज और संगीत से एक्ट्रेसेस का दिल जीत लिया है। दरअसल, खेसारी ने नौ महीने पहले अपना रोमांटिक गाना 'राते भर में' रिलीज किया था। जो लोग इसे देख रहे हैं, वे सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहे हैं। इसके रोमांटिक सीन खूब वायरल हुए और ये गाना अभी भी भोजपुरी की टॉप ट्रेंडिंग लिस्ट में बना हुआ है।

भोजपुरी गाने अपने बोल और रोमांटिक अंदाज से लोगों का दिल जीत लेते हैं। इसी वजह से इंडस्ट्री के गानों को लाखों व्यूज मिलते हैं। खासकर अगर कोई ट्रेंडिंग स्टार हो, तो गाने के वायरल होने की पूरी संभावना रहती है। आजकल उनके गाने सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं। ऐसे में, उनका रोमांटिक गाना, जो पिछले साल 3 मई को रिलीज हुआ था, इंटरनेट पर अब भी धूम मचा रहा है। फिलहाल यह गाना दर्शकों को अपना दीवाना बना रहा है। चाहे गाने का जादू हो या एक्ट्रेस का रोमांटिक अंदाज, यह गाना हर मायने में खास है। नौ महीने पहले जीएमजे यूट्यूब चैनल पर 'राते भर' गाना रिलीज हुआ, जिसे खेसारी लाल यादव और मशहूर सिंगर शिल्पी राज ने अपनी सुरीली आवाज में गाया है। इस गाने में नीलम गिरी नजर आ रही हैं।

### अमेरिका में भारत

**लाइफ स्टाइल**



> चाहे आपका स्टाइल वेस्ट कोस्ट जैसा मिनिमल हो या ईस्ट कोस्ट जैसा बोल्ड, डिज़ाइनर इंडियन आउटफिट्स पाने के लिए आपको इंडिया जाने की ज़रूरत नहीं है। अजा फैशंस यूएसए जैसे ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म, टॉप इंडियन डिज़ाइनर्स के चुने हुए कलेक्शन पेश करते हैं। जिनकी डिलीवरी पूरे अमेरिका में होती है। आसान फेस्टिव आउटफिट्स से लेकर शानदार ब्राइडल वियर तक, सब कुछ बस एक क्लिक की दूरी पर है।

## पैरों की खूबसूरती बढ़ाएंगे बेहतरीन मेहंदी डिजाइन

शादी विवाह या अन्य अवसर पर पैरों पर लगाने के लिए खूबसूरत मेहंदी के ढूंढ रहे हैं, तो यहां पर हम आपको ऐसे पांच खूबसूरत और शानदार पैरों के लिए मेहंदी के डिजाइन दिखाएंगे जो कि आपकी पैरों की खूबसूरती बढ़ा देंगे अगर आप भी अपने पैरों को बेहतरीन और आकर्षक दिखना चाहती है तो आपके लिए कुछ ऐसे डिजाइंस जो कि आपको बेहद ही पसंद आने वाली है।

### फूलों और बेलों वाला डिजाइन

यह मेहंदी की डिज़ाइन पैरों के लिए बेहतरीन ऑप्शन है इसमें फूल और बैलों का दोनों का मिश्रण है जो की बेहद ही सुंदर दिख रही है इसमें छोटे-छोटे बीच में फ्लावर को बनाए गए हैं जो की पैरों पर काफी आकर्षक दिखेगी और इसमें जालीदार पैटर्न के साथ ही डिजाइन को कंप्लीट किया गया है खास तौर पर दुल्हन भी अपने पैरों पर डिजाइन को लगवा सकती है आपके पैरों की सुंदरता में चार चांद लगाने के लिए यह मेहंदी डिजाइन काफी है ।

### अरेबिक फुट मेहंदी डिजाइन



अरेबिक मेहंदी के डिज़ाइन पैरों के लिए बेहद आकर्षक होते हैं यह खास तौर पर पैरों पर हल्के रंग के पैटर्न बनाए जाते हैं, इस डिजाइन में फूल और कई सारे गोल पैटर्न होते हैं जो की पैरों की उंगलियों से लेकर पंजों तक बनाए गए हैं और इसमें छोटे-छोटे कमल का फूल के साथ ही बेहद प्यारी और एक शानदार से डिजाइन को बनाया गया है जो कि आपके पैरों पर काफी सुंदर भी दिखने वाली है।

### ट्रेडिशनल लुक देने ये डिजाइंस

त्यौहार पर चाहते हैं पैरों को ट्रेडिशनल लुक देना तो आपको यह ट्रेडिशनल मेहंदी के लिए जरूर ट्राई करना चाहिए यह आपको पारंपरिक लुक देती है और इसमें ज्यादातर फुल पत्ती का पैटर्न होता है और इसमें काफी प्यारा सा महल की तरह डिजाइन को बनाए गए और ऊपर से कमल का फूल है जो की खास तौर पर दुल्हन को यह डिजाइन काफी पसंद आती है।

### हाफ पैर मेंहदी डिजाइन

पैरों के दिखाना चाहते हैं यूनिक और हटके लगे अपने पैरों पर यह मेहंदी डिजाइन जो की हाफ पैरों बनाए गए हैं और एक काफी सुंदर दिख रही है, यह मेहंदी डिजाइन में पैरों के कुछ हिस्सों में हाफ हिस्से में सजाए गए हैं जो कि सिर्फ ऊंगली के पंजों से लेकर उंगलियां तक ही लगाए गए हैं और यह उन लोगों के लिए बेहद सुंदर है जिसे पैरों को ढंग से सजाया जाता है।

### भरा हुआ फूट मेहंदी डिजाइन

दुल्हन के अलावा अन्य महिलाओं को भी काफी पसंद आती है, यह पूरा भरा हुआ डिजाइन अगर आपकी होने वाली है शादी या फिर किसी और की होने वाली है।

## स्टाइल कीजिए खूबसूरत डिजाइंस वाले फ्रॉक सूट, पार्टी में दिखेगा आपका जलवा





शादी के लिए हम कई सारी शॉपिंग करते हैं, और शादी में ऐसे कई सारे आउटफिट पहनते हैं लेकिन जब भी बात आती है रिसेप्शन में क्या पहने तो इसे लेकर काफी कंफ्यूजन रहते हैं अगर रिसेप्शन पार्टी में जा रहे हैं और चाहते हैं सब आपकी तारीफ करें तो हम आपको कुछ ऐसे अनारकली सूट दिखाएंगे जो कि आपका लुक को शानदार बताएंगे और इस आप किसी के भी रिसेप्शन पार्टी पहन कर जा सकते हैं और यह फ्रॉक सूट इन दोनों काफी चलन में बना हुआ है इसका डिजाइन और फैब्रिक बहुत ही प्यारा है जो कि हर किसी आकर्षित करता है।



आज हम आपको कुछ ट्रेंडी और बेहतरीन फ्रॉक सूट डिजाइन दिखाएंगे जो कि आपको जरूर पसंद आने वाली है और यह सूट कंफर्टेबल होने के साथ ही आपको रॉयल लुक देती है और यह सभी डिजाइन की अनारकली सूट रिसेप्शन पार्टी के लिए एकदम परफेक्ट होने वाली है तो चलिए एक नजर डालते हैं ।

### एम्ब्रॉयडरी वर्क फ्रॉक सूट

एंब्रॉयडरी वर्क वाले सूट हर पार्टी पहनने के लिए एक बेहतरीन ऑप्शन है इस सूट में नेक में एंब्रॉयडरी के वर्क होती है जो कि आपको एक रॉयल और एलिगेंट लुक देती है सूट के टॉप पर बारीकी एंब्रायडरी वर्क की गए हैं जो यह रिसेप्शन पार्टी पर पहनने के लिए बेहतरीन है यह सिल्क में है और दुपट्टा भी इसका बनारसी सिल्क में है जो की भी काफी ट्रेंड कर रही है इसके साथ अभी भी हैवी इयररिंग्स को स्टाइल कर सकते हैं आपका लुक निखर कर आएगा।

### लॉन्ग ग्रे कॉलर सूट

ग्रे कलर की यह लॉन्ग अनारकली सूट मॉडर्न एंड स्टाइलिश है जो की रिसेप्शन पार्टी पर ग्लैमरस लुक देते है, ये सूट लंबी है और इसके कलर पर बेहद ही अट्रैक्टिव डिजाइन बनाए गए हैं और इसका दुपट्टा नेट में दिया गया है जो की हैवी में है ।

## ऑनलाइन पसंद आ गया है चश्मा तो खरीदने से पहले इन बातों पर ध्यान दे

ऑनलाइन शॉपिंग करना वैसे तो काफी आसान है, लेकिन जब बात आती है चश्मा खरीदने की तो लोग थोड़ा संशय में आ जाते हैं। दरअसल, हम ऑनलाइन चश्मा देख तो लेते हैं लेकिन खरीदने से पहले डाउट रहता है कि वो हमपर अच्छा लगेगा भी या नहीं। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप ऑनलाइन भी अपने लिए परफेक्ट चश्मा खरीद सकते हैं।



### चेहरे के आकार का रखें ध्यान

भले ही चश्मा ऑनलाइन खरीद रहे हैं तो एक बार अपने चेहरे के आकार पर अवश्य ध्यान दें। यदि चश्मा चेहरे के हिसाब से नहीं होगा, तो ये देखने में अजीब लगेगा। यदि आपका चेहरा वर्गाकार है तो आपके चेहरे की सीधी और चौड़ी लकीरें होंगी, ऐसे में आपके चेहरे पर हमेशा ही गोल, राउंड या ओवल शेप के चश्मे अच्छे लग सकते हैं। जिन लोगों का चेहरा गोल होता है, उनपर हमेशा चौड़े फ्रेम, रेक्टेंगल या स्क्वायर चश्मे अच्छे लगते हैं। हार्टशेप चेहरे वाले लोगों पर कैट आई या ऑवली शेप चश्मे अच्छे लगेंगे। जिनका चेहरा लंबा है उन लोगों को चोड़े फ्रेम ही इस्तेमाल करने चाहिए।

### मौसम के हिसाब से देखें फ्रेम

इस बात पर कोई ध्यान नहीं देता है, जबकि हर किसी को चश्मे का फ्रेम खरीदते समय मौसम का भी ध्यान रखना चाहिए। इसके लिए गर्मी के मौसम में हमेशा प्लास्टिक के फ्रेम का इस्तेमाल किया जाता है, क्योंकि प्लास्टिक के चश्मे ज्यादा स्टाइलिश होते हैं और इसमें हल्के रंग भी आते हैं। इनमें वजन कम होता है, जिस वजह से आंखों के आस-पास कोई खतरा नहीं रहता है।

## गले की कुछ खास डिजाइन बढ़ा देगी आपके ब्लाउज की खूबसूरती

परफेक्ट लुक के लिए सिर्फ साड़ी ही नहीं, उसके साथ पहने जाने वाले ब्लाउज की डिजाइन पर भी ध्यान देना जरूरी है। सही ब्लाउज डिजाइन से साड़ी का आकर्षण और बढ़ जाता है। इस समय नेक ब्लाउज ट्रेंड में हैं, जिनको आप ट्राई कर सकती हैं।

### हॉल्टर कॉलर

यह ब्लाउज डिजाइन बेहद स्टाइलिश और ट्रेंडी है, जो आपके स्टाइल को एक नया आयाम देती है। इसका खुला डिजाइन गले के हिस्से को खूबसूरती से हाइलाइट करता है, जिससे आपको एक मॉडर्न और फैशनेबल लुक मिलता है। यह ब्लाउज साड़ी या लहंगे के साथ खासतौर पर पार्टी या खास आयोजनों में पहनने के लिए परफेक्ट है। हॉल्टर कॉलर ब्लाउज आपको एक कूल और कंफर्टेबल फील देता है।

### पैक कॉलर

अगर आप ब्लाउज में बहुत ज्यादा ओपन डिजाइन पसंद नहीं करती हैं तो पैक कॉलर ब्लाउज आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। पैक कॉलर ब्लाउज एक क्लासी और स्टाइलिश विकल्प है, जो किसी भी साड़ी या लहंगे के साथ शानदार दिखता है। इसका डिजाइन आपके लुक में मॉडर्न टच जोड़ता है। पैक कॉलर की सादगी और सूक्ष्मता इसे हर उम्र की महिलाओं के लिए परफेक्ट बनाती है। यह ब्लाउज खासतौर पर उन महिलाओं के लिए बेस्ट है, जो एक मिनिमलिस्टिक लुक चाहती हैं। साड़ी या लहंगे के साथ यह ब्लाउज बहुत ही आकर्षक और ट्रेंडी लगता है।



### ओपन कॉलर

इस स्टाइल का ब्लाउज आप ऑफिस में आराम से पहन सकती हैं। यह लुक में सादगी को जोड़ते हुए आपको स्टाइलिश और एलिगेंट बनाता है।

**कार्नर न्यूज**

**हाफ-फुल ही क्यों, फैशनेबल पुरुषों को ऐसी स्लीव्स वाली शर्ट्स भी पहननी चाहिए**

## चलन है कुछ खास स्लीव्स वाली शर्ट्स का, अपनाएंगे तो लोगों की नजरें होंगी आप पर

पुरुषों की शर्ट्स कई प्रकार की होती हैं। हम हमेशा शर्ट को कलर, पैटर्न, कॉलर स्टाइल, पॉकेट स्टाइल के आधार पर चुनते-खरीदते और पहनते हैं। क्योंकि स्लीव्स के बहुत सारे विकल्प नहीं मिलते। इस मामले में लड़कियां आगे हैं क्योंकि उनके लिए पहले से ही कई प्रकार की स्लीव्स वाली शर्ट्स आ रही हैं। अगर लड़कों की शर्ट्स की स्लीव्स की बात करें तो मुख्य रूप से दो प्रकार की होते हैं- हाफ स्लीव्स शर्ट्स और फुल स्लीव्स शर्ट्स।

यकीनन आपके पास इन दो प्रकार की शर्ट्स होंगी। लेकिन अब आपके पास अन्य विकल्प भी मौजूद हैं। मेंस शर्ट्स की स्लीव्स भी अलग-अलग प्रकार की आ रही हैं। एक ही तरह की घिसी-पिटी स्टाइल से तंग आ चुके हैं तो अब कुछ नया ट्राय करने के बारे में सोचें। इसके साथ ही अपने दुहराते फैशन को विराम दे सकते हैं। अगर आप इस तरह की स्टाइलिश स्लीव्स वाली शर्ट्स पहनते हैं तो बढ़िया। अन्यथा फैशन की लेटेस्ट जानकारी के हिसाब से भी इसके बारे में पढ़ सकते हैं। वैसे भी जानकारी रखने में कोई हर्ज नहीं है। चलिए अब हम न्यू स्टाइल की स्लीव्स वाली शर्ट्स के बारे में जानते हैं-



### बैटविंग स्लीव्स शर्ट्स

बैटविंग स्लीव्स नाम देने के पीछे इसका खास महत्व है। किसी भी चीज का नामकरण खासियत देखने के बाद किया जाता है। दरअसल, इस तरह की शर्ट्स के स्लीव्स पंखों की तरह दिखते हैं। जैसे- पर फैलाए पक्षी की तरह यह शर्ट मालूम पड़ता है। इसलिए इसका नाम बैटविंग स्लीव्स पड़ा है।

इस तरह की स्लीव्स वाली शर्ट्स लूज होती हैं। सामान्य शर्ट्स की तरह ये टाइट फिट नहीं होते हैं। बैटविंग स्लीव्स की बात करें तो ये आर्मपिट्स के पास से काफी लूज रहता है। इसकी सिलाई भी खास प्रकार की होती है। इसको कैरी करना भी सामान्य शर्ट के मुकाबले कठिन हो सकता है। मगर नामुमकिन नहीं है।

### लेग ऑफ मटन स्लीव्स शर्ट्स

आप नाम से ही इसके बारे में अंदाजा लगा सकते हैं कि यह किस तरह की शर्ट होगी। इसे समझने की भाषा में लेग ऑफ मटन स्लीव्स शर्ट्स कहते हैं। साथ ही इसे गिगोट स्लीव्स भी कहते हैं। इन दो नामों से इसे जाना जाता है। इस तरह की शर्ट गले, छाती से लेकर कमर तक चिपकी होती है। मतलब कि एकदम फिटिंग दिखाई देगी। किंतु स्लीव्स की बात करें तो ये फुले-फुले होते हैं। एकदम मटन लेग की तरह मालूम होते हैं। साथ ही इसके कफ भी पूरी तरह से फिट होते हैं जो कलाई के पास पकड़े रहते हैं। इस तरह की स्लीव्स में अधिकतर लड़कियां दिखती हैं।

